

RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

# अमिट रेखा


वर्ष 05 | अंक 75 | कुशीनगर | बुधवार 13 जनवरी, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये



### नेशनल यूथ पार्लियामेंट फेस्टिवलः पीएम मोदी बोले...

# राजनीति में आएं युवा

‘पहले भ्रष्टाचार ही कुछ लोगों की पहचान बन गया था। अब देश ईमानदारों को प्यार दे रहा है। जनप्रतिनिधि भी समझने गले हैं कि CV स्ट्रॉन्ग होना चाहिए। सरनेम के सहारे चुनाव लड़ने वालों के दिन लद गए हैं।’



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### युवाओं के आज के भाषण ट्वीट करूंगा

यहां जब मैं आपको सुन रहा था, तब विचार आया कि आपके भाषण अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट करूंगा, ताकि देश को पता चले कि संसद के इस परिसर में हमारा भावी भारत कैसे आकार ले रहा है। मेरे लिए यह बहुत गर्व की बात होगी कि मैं आज आपके भाषण को ट्वीट करूंगा।

### 2 लाख 34 हजार युवा शामिल हुए

दूसरा फेस्टिवल बीते 23 दिसंबर से वर्चुअल मोड पर शुरू किया गया। पहले फेज में देश भर के 2 लाख 34 हजार युवा शामिल हुए। दूसरे फेस्टिवल का फाइनल 11 जनवरी को संसद के सेंट्रल हॉल में हुआ। इसमें 19 नेशनल लेवल के विनर्स को नेशनल जूरी के सामने बोलने का मौका मिला। जूरी में राज्यसभा सांसद रूपा गांगुली, लोकसभा सांसद परवेश साहिब सिंह और पत्रकार प्रफुल्ल केतकर शामिल थे।


नई दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मंगलवार को देश के युवाओं से बात की। इस दौरान उन्होंने नौजवानों को कुछ लक्ष्य दिए, जिम्मेदारियां बताईं और राजनीति में आने के लिए कहा। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नेशनल यूथ पार्लियामेंट फेस्टिवल को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने इस मौके पर राजनीतिक वंशवाद को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक वंशवाद देश का सबसे बड़ा दुश्मन है। इसे जड़ से उखाड़ना है। यह काम युवाओं को ही करना है। च्ड ने कहा कि पहले भ्रष्टाचार ही कुछ लोगों की पहचान बन गया था। अब देश ईमानदारों को प्यार दे रहा है। जनप्रतिनिधि भी समझने लगे हैं कि सीवी स्ट्रॉन्ग होना चाहिए। अब सरनेम के सहारे चुनाव लड़ने वालों के दिन लद गए हैं। मोदी के भाषण की खास बातें कुछ लोग अपने परिवार को मजबूत करने में लगे हैं राजनीति में वंशवाद का रोग पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। अब भी कुछ लोग पूरी ऊर्जा से अपने परिवार को ही मजबूत करने में लगे हैं। वंशवाद से आगे बढ़े लोगों को लगता है कि अगर उनकी पीढ़ियों के करप्शन का हिसाब नहीं हुआ तो उनका भी नहीं होगा। उन्हें न कानून पर भरोसा होता है और न ही कानून का डर। देश का सामान्य युवा राजनीति में नहीं आएगा, तब तक वंशवाद का यह जहर हमारे लोकतंत्र को कमजोर करता रहेगा। लोकतंत्र को बचाने के लिए आपका राजनीति में आना जरूरी है। युवाओं को देश का भाग्य विधाता बनना चाहिए अपना समय देश की सेवा को दीजिए। विवेकानंदजी कहते थे यह युवा पीढ़ी की सदी है। हमारे युवाओं को आगे आकर राष्ट्र का भाग्य विधाता बनना चाहिए। इसलिए आपकी जिम्मेदारी है कि भारत के भविष्य को निर्धारित करें। पॉलिटिक्स देश को आगे ले जाने का ताकतवर जरिया है। इसे युवाओं की बहुत जरूरत है। पहले कोई नौजवान राजनीति की तरफ बढ़ता था, तो घर वाले कहते थे कि बच्चा बिगड़ गया है। इस पर लड़ाई, झगड़ा, लूट, फसाद और न जाने क्या–क्या लेवल लग गए थे। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में युवाओं पर फोकस यह समारोह संसद के सेंट्रल हॉल में हो रहा है। इस हॉल में हमारी आजादी के निर्णय लिए गए। मन में कल्पना कीजिए, आप उस जगह बैठे हैं जहां देश के वे महापुरुष बैठे थे। देश से आपको कितनी अपेक्षाएं हैं। यहां बैठे युवा साथियों को यह अहसास हो रहा होगा। स्वामी विवेकानंद ने ऐसी संस्थाओं को आगे बढ़ाया जो आज भी व्यक्तियों का निर्माण कर रही हैं। देश में लागू की गई नई नेशनल एजुकेशन पॉलिसी का फोकस भी बेहतर इंडीविजुअल के निर्माण पर है। यह पॉलिसी युवाओं के कौशल, समझ और फैसले को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।



उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में पिछले एक सप्ताह के दौरान दिन के बढ़े हुए तापमान ने जहां स्वेटर, जैकेट उतार देने को मजबूर कर दिया था, वहीं मंगलवार को मौसम के एकाएक बदले मिजाज ने कंपकंपी छुड़ा दी। ऐसे में ठंड के कारण शहरवासी ठिठुरते रहे। वहीं सुबह से धूप के भी दर्शन नहीं हुए।

## संसद सत्र में साझा रणनीति के लिए विपक्षी नेताओं के साथ संपर्क में हैं सोनिया

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। संसद के बजट सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी विपक्ष के कई ऐसे नेताओं के संपर्क में है जो कृषि कानूनों को लेकर सरकार को घेरने की साझा रणनीति तैयार करने के लिए जल्द ही बैठक करेंगे। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। खबर है कि सोनिया ने संसद सत्र से पहले विपक्षी नेताओं की बैठक बुलाने के मकसद से विपक्ष के के लोगों से बातचीत करना भी आरंभ कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया ने सोमवार को कुछ विपक्षी नेताओं से बातचीत की और कुछ लोगों से



मंगलवार को बात करेंगी। इस कवायद का मकसद कृषि कानूनों और अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर सरकार को घेरने के लिए साझा रणनीति बनाना है। कई विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग कर रही है। उसका कहना है कि इन कानूनों को रद्द करने के अलावा कोई दूसरा समाधान नहीं है। सत्र का बजट सत्र 29 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के संबोधन से आरंभ होगा।

## अटल सुरंग जैसी संरचना के निर्माण के लिए गौरव की भावना सबसे अधिक महत्वपूर्णः राजनाथ सिंह

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि अटल सुरंग जैसी संरचना के निर्माण के लिए राष्ट्रीय गौरव की भावना सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। रणनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण 9.02 किलोमीटर की सुरंग मनाली को स्पीति घाटी से जोड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल तीन अक्टूबर को इसका उद्घाटन किया था। रक्षा मंत्रालय के बयान के मुताबिक अटल सुरंग पर एक वेबिनार में रक्षा मंत्री ने कहा कि अटल सुरंग जैसी महान संरचना के निर्माण के लिए, न केवल ईंट और मोर्टार बल्कि राष्ट्रीय गौरव की भावना भी सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने आईआईटी, एनआईटी और अन्य प्रौद्योगिकी संस्थानों के छात्रों के ज्ञानवर्द्धन के लिए वेबिनार का आयोजन किया। अपने संबोधन में सिंह ने कोविड–19 पाबंदियों के बीच कई सारी तकनीकी चुनौतियों के बावजूद इंजीनियरिंग के इस चमत्कार के निर्माण के लिए बीआरओ के इंजीनियरों की प्रशंसा की।



### किसान आंदोलन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# तीनों कृषि कानूनों पर अगले आदेश तक रोक, कमेटी का गठन

नई दिल्ली,(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों कृषि कानूनों के अमल पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। देश की सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में विवाद के समाधान के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है और कहा कि अगले आदेश तक तीनों कानूनों के अमल पर रोक लगी रहेगी। इस कमिटी में बीकेयू के एचएस मान, प्रमोद कुमार जोशी, अशोक गुलाटी और अनिल घनवट सदस्य होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कल ही स्पष्ट संदेश दे दिया था कि वह इस मसले को कमेटी के पास भेजेगी।



आज जब कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई तो किसानों ने कमेटी के पास जाने से मना कर दिया, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई और कहा कि दुनिया की कोई ताकत उसे कमेटी बनाने से नहीं रोक सकती। किसानों के वकील ने शर्मा ने कहा था कि किसान कमेटी के सामने नहीं जाना चाहते हैं। मगर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि कमेटी अच्छा विचार है, हम इसका स्वागत करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि दुनिया की कोई ताकत उसे नए कृषि कानूनों पर जारी गतिरोध को समाप्त करने के लिए समिति का गठन करने से नहीं रोक सकती और उसे समस्या का समाधान करने के लिए कानून को निलंबित करने का अधिकार है। उसने किसानों के प्रदर्शन पर कहा, हम जनता के जीवन और सम्पत्ति की रक्षा को लेकर चिंतित हैं। न्यायालय ने साथ ही किसान संगठनों से सहयोग मांगते हुए कहा कि कृषि कानूनों पर जो लोग सही में समाधान चाहते हैं, वे समिति के पास जाएंगे।

## मैं लोगों के लिए जियूंगी, काम करूंगी और उनके लिए ही मरूंगीः ममता बनर्जी

कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को बिना किसी का नाम लिए हुए कहा कि वह देश को बांटने की इजाजत नहीं देंगी और वह लोगों के लिए काम करती रहेंगी और उनके लिए ही जियेंगी और मरेंगी। कोलकाता के बाबूघाट इलाके में गंगासागर तीर्थयात्रियों के लिए विश्राम शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महान नेता सभी लोगों के साथ एक जैसा व्यवहार करते हैं। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद से ही देश ने कई समस्याओं का सामना किया लेकिन देश का बंटवारा नहीं हुआ। उन्होंने कहा, '' मैं देश को तोड़ने और बांटने की इजाजत नहीं दूंगी। मैं लोगों के लिए जियूंगी, उनके लिए काम करूंगी और यहां तक कि आम लोगों के लिए ही मरूंगी।'' स्वामी विवेकानंद की जयंती की पूर्व संध्या पर बनर्जी ने कहा कि उन्होंने कहा था कि भारत में किसान, मोची और दलित समेत सभी वर्गों के नेता होंगे।



## भूपेंद्र यादव के बयान पर राजद का पलटवार, कहा- हम खरमास में ही कर देंगे खेल

पटना,(एजेंसी)। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि हमारी चुनौती है कि भाजपा को बिहार में अगर सरकार बचाना है तो बचा ले। भाजपा ज्यादा छटपट करेगी तो खरमास से पहले ही आरजेडी खेल कर देगी और भाजपा तहस–नहस हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह राजद की तरफ से भाजपा को यह खुली चुनौती है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के बिहार प्रभारी भूपेंद्र यादव के बयान पर बिहार वाकयुद्ध छिड़ गया है। भूपेंद्र यादव ने रविवार को कहा था कि इस सप्ताह के अंत में मकर संक्रांति त्यौहार के बाद लालू प्रसाद की पार्टी (राजद) को ''बड़ी टूट'' का सामना करना पड़ेगा और उन्होंने राजद नेतृत्व को इस संकट को टालने की चुनौती दी थी। भूपेंद्र यादव के बयान पर अब आरजेडी हमलावर हो गया है। भूपेंद्र यादव को चुनौती का जवाब देते हुए आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने इसे गीदड़ भभकी बताया। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि हमारी चुनौती है कि भाजपा को बिहार में अगर सरकार बचाना है तो बचा ले। भाजपा ज्यादा छटपट करेगी तो खरमास से पहले ही आरजेडी खेल कर देगी और भाजपा तहस–नहस हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह राजद की तरफ से भाजपा को यह खुली चुनौती है। मृत्युंजय तिवारी ने पूछा कि भूपेंद्र यादव आखिर बिहार में 19 लाख रोजगार सृजन, कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराध के विषय पर क्यों नहीं कुछ बोलते हैं?

## बातों में उलझाने की कोशिश बेकार, किसान सरकार के इरादे समझता हैः राहुल गांधी

नई दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को सरकार पर प्रदर्शनकारी किसानों को इधर–उधर की बातों में उलझाने का आरोप लगाया और कहा कि किसान की सिर्फ एक मांग तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की है। उन्होंने ट्वीट किया, ''सरकार की सत्याग्रही किसानों को इधर–उधर की बातों में उलझाने की हर कोशिश बेकार है। अन्नदाता सरकार के इरादों को समझता है। उनकी मांग साफ है– कृषि–विरोधी कघनून वापस लो, बस!'' उल्लेखनीय है कि किसान संगठनों और सरकार के बीच अब तक की बातचीत बेनतीजा रही है। उधर, उच्चतम न्यायालय ने तीन कृषि कानूनों को लेकर किसानों के विरोध प्रदर्शन से निबटने के तरीके पर सोमवार को केन्द्र को आड़े हाथ लिया और कहा कि किसानों के साथ उसकी बातचीत के तरीके से वह 'बहुत निराश' है।

## नड्डा ने असम में चुनाव प्रचार की शुरुआत की, कहा- भाजपा 100 से ज्यादा सीटें जीतेगी


सिलचर (असम),(एजेंसी)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को असम में पार्टी का प्रचार अभियान शुरू करते हुए कहा कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव में असम में सत्ता में लौटेगी और विधानसभा की 126 में से 100 से ज्यादा सीटें जीतेगी। राज्य में कुछ ही महीने बाद विधानसभा का चुनाव होना है। सिलचर में पुलिस परेड मैदान में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि 2016 में विधानसभा चुनाव में विजय के बाद से भाजपा ने जिला परिषद, पंचायत, क्षेत्रीय या स्वायत्त परिषदों के सभी चुनावों में जीत हासिल की है और अगले विधानसभा चुनाव में फिर से सत्ता में आएगी।

उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से सभी वर्ग के लोगों और समूचे राज्य के सर्वांगीण विकास के कारण यह संभव हुआ है।'' उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में 'डबल इंजन' की सरकार के कारण विभिन्न क्षेत्रों में सभी कार्यक्रमों के समुचित क्रियान्वयन में मदद मिली है। नड्डा ने कहा, ''समूचे देश में लोगों ने एक बार फिर मोदीजी में आस्था प्रकट की है जिसके कारण हर स्तर पर भाजपा को चुनावों में जीत मिली है।'' उन्होंने कहा, ''लद्दाख, जम्मू कश्मीर, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, बिहार और पूर्वोत्तर के हालिया चुनाव ने दिखा दिया कि लोग मोदीजी के विकास मॉडल का हिस्सा बनना चाहते हैं।'' असम में इस साल मार्च–अप्रैल में चुनाव होना है।

# कोरोना से दोबारा संक्रमित हुए बैडमिंटन खिलाड़ी साइना और प्रणय

*बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और एचएस प्रणय दोबारा कोविड पॉजिटव पाए गए है।भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने कहा, ''सोमवार को हुए परीक्षण में साइना और प्रणय कोविड–19 पॉजिटिव पाए गए। वे बैंकॉक के अस्पताल में 10 दिन तक पृथकवास में रहेंगे।*

बैंकॉक। कोविड–19 से हाल में उबरने वाले भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और एचएस प्रणय मंगलवार से शुरू हुए थाईलैंड ओपन से पहले यहां एक बार फिर जांच में पॉजिटिव पाए गए। इन दोनों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम एशियाई चरण के थाईलैंड ओपन (12–17 जनवरी) और टोयोटा थाईलैंड ओपन (19–24 जनवरी) तथा एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स 2020 (27–31 जनवरी) में हिस्सा लेने की तैयारी कर रही थी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने कहा, ''सोमवार को हुए परीक्षण में साइना और प्रणय कोविड–19 पॉजिटिव पाए गए। वे बैंकॉक के अस्पताल में 10 दिन तक पृथकवास में रहेंगे। कश्यप को भी अस्पताल जाना होगा क्योंकि वह करीबी संपर्क में था।'' ये तीनों खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे जबकि भारतीय टीम के बाकी खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की स्वीकृति दी गई है। साइना, प्रणय, कश्य के अलावा आरएमवी गुरुसाईदत्त और प्रणव चोपड़ा पिछले महीने संक्रमित पाए गए थे और अनिवार्य पृथकवास से गुजरे थे। ये बैंकॉड रवाना होने से पहले हुए कोविड–19 परीक्षण और थाईलैंड पहुंचने पर हुए परीक्षण में नेगेटिव आए थे। भारतीय टीम में ओलंपिक रजत पदक विजेता पीवी सिंधू, किदांबी श्रीकांत, सौरभ वर्मा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी और अश्विनी पोनप्पा



जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। कोर्ट पर भारत ने विजयी शुरुआत की जब सात्विक और अश्विनी की मिश्रित युगल जोड़ी ने हाफिज फजल और ग्लोरिया विदजाजा की इंडोनेशिया की जोड़ी को 21–11, 27–29, 21–16 से हराया।

## 10 महीने बाद टेनिस कोर्ट में उतरेंगी पीवी सिंधू और साइना नेह्वाल

*सिंधू, साइना को थाईलैंड में बेहतर प्रदर्शन से ओलंपिक क्वालीफिकेशन की उम्मीद है।ओलंपिक चौम्पियन सिंधू पिछले दो महीने से लंदन में अभ्यास कर रहीं थी।*



बैकॉक। कोरोना वायरस महामारी के कारण लगभग 10 महीनों तक अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर प्रभावित होने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और साइना नेहवाल मंगलवार से शुरु होने वाले योनेक्स थाईलैंड ओपर सुपर 1000 टूर्नामिंट से प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी करेंगी। टूर्नामिंट में चीन और जापान के खिलाड़ी भाग नहीं ले रहे है जिससे इसकी चमक थोड़ी फीकी पड़ी है। ओलंपिक चौम्पियन सिंधू पिछले दो महीने से लंदन में अभ्यास कर रहीं थी तो वहीं साइना कोविड–19 से उबरने के बाद जल्द ही लय हासिल करना चाहेंगी। वह जैव–सुरक्षित माहौल में मंगलवार से होने वाले टूर्नामिंट में अपनी फिटनेस को भी परखेंगी। पिछले साल मार्च में ऑल इंग्लैंड चौंपियनशिप के बाद बीडब्ल्यूएफ ने सत्र को निलंबित कर दिया था। जिसके बाद अक्टूबर में हुए डेनमार्क ओपन सुपर 750 और सारलोरक्स सुपर 100 में सिंधू और साइना ने भाग नहीं लिया था। योनेक्स थाईलैंड ओपन (12 से 17 जनवरी) और टोयोटा थाईलैंड ओपन (19 से 24 जनवरी) के अलावा एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन संघ) विश्व टूर फाइनल्स (27 से 31 जनवरी) का हिस्सा नहीं होंगे। इन तीनों टूर्नामिंटों के साथ कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित 2020 का सत्र खत्म होगा। चीन और जापान के खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में सिंधू और साइना की राह थोड़ी आसान जरूर होगी। थाईलैंड में कोविड–19 के मामले बढ़ने के बाद चीन ने इससे हटने का फैसला किया तो वही विश्व नंबर एक खिलाड़ी केंतो मोमोता के कोरोना जांच में पॉजिटिव आने के बाद जापान आखिरी समय में टूर्नामिंट से हट गया। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज सिंधू अपने अभियान का आगाज डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्डट के खिलाफ करेंगे तो वही विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज साइना को पहले दौर में नोजोमी ओकुहारा का सामना करना था लेकिन अब वह मलेशिया की किसोना सेल्वदुरे से भिड़ेंगी।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफाइंग में दो खिलाड़ी कोविड-१९ पॉजिटिव, टूर्नामेंट से हटे

*ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफाइंग में दो खिलाड़ी कोविड–19 पॉजिटिव पाए गए है।अर्जेन्टीना के फ्रेंसिस्को केरुनडोलो को भी स्पेन के गुइलेर्मो गार्सिया लोपेज के खिलाफ 6–2, 6–4 की जीत के बाद टूर्नामेंट से हटा दिया गया।*

मेलबर्न। कतर के दोहा में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वालीफाइंग में हिस्सा ले रहे दो खिलाड़ियों को कोविड–19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद इस टेनिस टूर्नामेंट से हटा दिया गया है और होटल में पृथकवास में रखा गया है। क्वालीफायर में चौथे वरीय अमेरिका के डेनिस कुडला को सोमवार को मोरक्को के इलियट बेनकेट्रिट के खिलाफ पहले दौर में 6–4, 6–3 की जीत के बाद टूर्नामेंट से हटा दिया गया। अर्जेन्टीना के फ्रेंसिस्को केरुनडोलो को भी स्पेन के गुइलेर्मो गार्सिया लोपेज के खिलाफ 6–2, 6–4 की जीत के बाद टूर्नामेंट से हटा दिया गया। क्वालीफायर टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार आस्ट्रेलिया के बाहर हो रहा है। टेनिस आस्ट्रेलिया ने बयान में पुष्टि की है कि टूर्नामेंट के दौरान दो पॉजिटिव नतीजे पाए गए और दोनों खिलाड़ियों को सरकार द्वारा संचालित मेडिकल होटल में स्थनांतरित किया गया है जहां पृथकवास के कड़े नियमों का पालन किया जा रहा है। इन दोनों के हटने से आस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड धारक डेन स्वीनी और स्पेन के मारियो विलेला मार्टिनेज को वाकओवर मिला और वे क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में पहुंच गए।



## कमजोर मांग से बिनौलातल खली वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में कमजोरी को देखते हुए कारोबारियों ने सोमवार को अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में रिफाइंड सोयातेल खली की कीमत 21 रुपये प्रति क्विन्टल की गिरावट के साथ 2,044 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि बाजार में कमजोरी के रुख के बीच मौजूदा स्तर पर कारोबारियों बिकवाली से बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में गिरावट आई। एनसीडीईएक्स में बिनौलातेल खली के जनवरी माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 21 रुपये अथवा 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,044 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई जिसमें 26,150 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बिनौलातेल खली के फरवरी माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 24 रुपये अथवा 1.15 प्रतिशत की गिरवट के साथ 2,066 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई जिसमें 82,060 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

## कमजोर मांग से ध्निया वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को धनिया की कीमत 30 रुपये की गिरावट के साथ 5,714 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई। एनसीडीईएक्स में धनिया के जनवरी माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 30 रुपये अथवा 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,714 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई जिसमें 1,995 लॉट के लिए कारोबार हुआ। ध ानिया के अप्रैल माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत दो रुपये अथवा 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,094 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई जिसमें 1,290 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के कारण मुख्यतरू यहां धनिया वायदा कीमतों में गिरावट दर्ज हुई।

## शेयर बाजार रेकॉर्ड ऊंचाई पर, सेंसेक्स पहली बार 49 हजार के पार

मुंबई। बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 487 अंक उछलकर अब तक के सर्वोच्च स्तर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की जबर्दस्त लिवाली के बीच इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी और एचसीएल टेक की अगुवाई में यह तेजी आयी। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 486.81 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर 49,269.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 49,303.79 अंक के उच्चतम स्तर तक भी चला गया था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 137.50 अंक यानी 0.96 प्रतिशत उछलकर 14,484.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 14,498.20 अंक का स्तर भी छुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक में सर्वाधिक करीब 6 प्रतिशत लाभ हुआ। इसके अलावा इन्फोसिस, एचडीएफसी, बजाज ऑटो, मारुति, टेक महिंद्रा और महिंद्रा एंड महिंद्रा में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ, जिन शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी, उनमें बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एल एंड टी, कोटक बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शामिल हैं। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीतिक मामलों के प्रमुख विनोद मोदी ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों पर तेजड़िये हावी रहे और दोनों मानक सूचकांक नये रेकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। टीसीएस और डी–मार्ट के बेहतर तिमाही वित्तीय परिणाम से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, ''कोविड–19 मामलों में बेहतर सुधार होने तथा 16 जनवरी से टीकाकरण प्रक्रिया शुरू किये जाने की घोषणा से बजार के लिये लिये स्थिति संतोषजनक बनी है। पुनरू कपनियों की आय के साथ प्रमुख आर्थिक आंकड़े बेहतर रहने की उम्मीद से बाजार निकट भविष्य में नई ऊंचाई छू सकता है। मोदी ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति, केंद्रीय बैंकों के रुख और डॉलर के कमजोर होने के साथ एफपीआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) निवेश आगे भी जारी रह सकता है। इस बीच, शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने गत सप्ताहांत शुक्रवार को 6,029.83 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कोस्पी लाभ में रहे जबकि शंघाई कंपोजिट सूचकांक नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख शेयर बजारों में शुरूआती कारोबर में गिरावट का रुख रहा। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55.14 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।




## संक्षिप्त



### 10 ओलंपिक पदक विजेता और सबसे वृद्ध जीवित ओलंपिक चौम्पियन एग्नेस केलेटी ने मनाया अपना 100वां जन्मदिन

बुडापेस्ट। जिमनास्टिक में पांच स्वर्ण सहित 10 ओलंपिक पदक विजेता और सबसे वृद्ध जीवित ओलंपिक चौम्पियन एग्नेस केलेटी ने शनिवार को अपना 100वां जन्मदिन मनाया। बुडापेस्ट में 100वां जन्मदिन का जश्न मनाते हुए उन्होंने कहा, ''ये 100 साल मुझे 60 साल की तरह लग रहे हैं।'' वर्ष 1921 में जन्मीं केलेटी 1940 और 1944 ओलंपिक के द्वीतीय विश्व युद्ध के कारण रद्द होने से इनमें नहीं खेल पायी थीं। उन्होंने 1952 हेलिंस्की खेलों में 31 साल की उम्र में ओलंपिक पदार्पण किया था। 35 साल की उम्र में वह जिमनास्टिक के इतिहास में सबसे उम्रदराज स्वर्ण पदकधारी बन गयी थीं।

### इंडियन सुपर लीगः ईस्ट बंगाल के हाथों बेंगलुरू को मिली सत्र की लगातार चौथी हार

मडगांव। मैटी स्टीमन के गोल के दम पर एससी ईस्ट बंगाल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मैच में शनिवार को यहां पूर्व चौम्पियन बेंगलुरु एफसी को 1–0 से हराया। मौजूदा सत्र में बेंगलुरू की यह लगातार चौथी हार है जबकि ईस्ट बंगाल पिछले तीन मैचों से अजेय है। टीम की 10 मैचों में यह दूसरी जीत है और अब वह 10 अंकों के साथ तालिका में नौवें नंबर पर है। अपने मुख्य कोच कार्ल्स कुआड्रॉर्ट से अलग होने के बाद भी पूर्व चौम्पियन बेंगलुरु की हार का सिलसिला जारी है। बेंगलुरु को 10 मैचों में लगातार चौथी हार झेलनी पड़ी है। टीम 12 अंकों के साथ छठे नंबर पर है। मैटी स्टीमन ने 20वें मिनट में शानदार गोल करके ईस्ट बंगाल को 1–0 से आगे कर दिया। स्टीमन का सत्र का यह तीसरा गोल है। पिछड़ने के बाद बेंगलुरु बराबरी का गोल दागने की पूरी कोशिश की लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। कप्तान सुनील छेत्री ने गोल करने के कुछ मौके बनाये पर ईस्ट बंगाल की रक्षापंक्ति और गोलकीपर देबजीत मजूमदार ने उनकी हर कोशिश को नाकाम कर दिया।

### सोने में 389 रुपये और चांदी में 1,137 रुपये की तेजी

नयी दिल्ली। बहुमूल्य धातुओं कीमतों में तेजी और रुपये के मूल्य में गिरावट आने के अनुरूप दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 389 रुपये बढ़कर 48,866 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 48,477 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी इस दौरान 1,137 रुपये की तेजी के साथ 64,726 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई जो इससे पिछले कारोबारी सत्र में 63,589 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोमवार के शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 24 पैसे की गिरावट देखी गई और मूल्य घटकर 73.48 रुपये प्रति डॉलर रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, सोना लाभ दर्शाता 1,853 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी 25.14 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता के कारण सोने में लिवाली बढ़ गई जिससे मजबूत डॉलर के बावजूद रुपये में शुक्रवार के निम्न बंद स्तर से वापस तेजी लौट आई।''

### कमजोर मांग के कारण रिफाइंड सोया तेल कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को रिफाइंड सोया तेल का दाम 8.9 रुपये की गिरावट के साथ 1,173 रुपये प्रति 10 किग्रा रह गया। नेशनल कमोडिटी एण्ड डेरिवेटिव्ज एक्सचेंज में जनवरी माह में डिलीवरी के लिये रिफाइंड सोया तेल के वायदा अनुबंध का भाव 8.9 रुपये यानी 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,173 रुपये प्रति 10 किग्रा रह गया। इस अनुबंध में 27,315 लॉट के लिये सौदे किये गये। रिफाइंड सोया तेल के फरवरी महीने में डिलीवरी किये जाने वाले वायदा अनुबंध का भाव 9.8 रुपये यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,164 रुपये प्रति 10 किग्रा रह गया। इस अनुबंध में 37,010 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि पर्याप्त स्टॉक के मुकाबले कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से मुख्यतरू यहां वायदा कारोबार में रिफाइंड सोया तेल कीमतों में गिरावट आई।

### हाजिर मांग के कारण चांदी वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे वायदा बाजार में सोमवार को चांदी वायदा कीमत 695 रुपये की तेजी के साथ 64,926 रुपये प्रति किलो हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के मार्च महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 695 रुपये यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 64,926 रुपये प्रति किलो हो गयी जिसमें 12,774 लॉट के लिये कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि चांदी वायदा कीमतों में तेजी आने का मुख्य कारण घरेलू बाजार में तेजी के रुख की वजह से कारोबारियों की ताजा लिवाली करना था। वैश्विक स्तर पर, न्यूयार्क में चांदी 1.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 24.97 डॉलर प्रति औंस चल रहा था।

### कमजोर मांग से कच्चातेल वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। कमजोर मांग की वजह से कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा बाजार में कच्चा तेल की कीमत सोमवार को 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,798 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जनवरी महीने में डिलिवरी वाले कच्चा तेल अनुबंध ा की कीमत चार रुपये यानी 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,798 रुपये प्रति बैरल रह गयी। इसमें 2,414 लॉट के लिये कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड का भाव 1.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51.61 डॉलर प्रति बैरल चल रहा था।

## सम्पादकीय........

### अमेरिकी राजनीति में भारतीय लोग

सेंट जेवियर पालाथिंगल छह जनवरी को वाशिंग्टन में हुई ट्रंप रैली में भारतीय झंडा लहराते हुए दिखे थे. बाद में यह रैली उग्र हो गयी और इसने अमेरिकी कांग्रेस की इमारत पर हमला कर दिया था. विंसेंट ने हमारी मीडिया को बताया है कि त्रिशूर के इंजीनियरिंग कॉलेज से पढ़ाई करने के बाद वे 1992 में अमेरिका चले गये थे. उनका दावा है कि वे वर्जिनिया में रिपब्लिकन पार्टी की स्टेट सेंट्रल कमेटी के सदस्य हैं और वे श्चुनावी धांधलीश के विरोध में ट्रंप रैली में शामिल हुए थे. उनका कहना है कि पहले वे डेमोक्रेट समर्थक थे और उन्होंने बराक ओबामा को दो बार वोट दिया है. विंसेंट का यह भी दावा है कि कुछ उपद्रवी रैली में घुस आये थे, अन्यथा रैली शांतिपूर्ण थी. उनका आरोप है कि उपद्रवी वामपंथी एंटीफा या ब्लैक लाइव्स मैटर के सदस्य हो सकते हैं. वे पांच ट्रंप रैलियों में शामिल हो चुके हैं, पर हिंसा केवल इसी बार हुई है. ब्लैक लाइव्स मैटर के प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा के लिए ट्रंप ने हमेशा एंटीफा को दोषी ठहराया था.बहरहाल, अमेरिकी न्याय विभाग कैपिटोल पुलिस के साथ घटनाक्रम की जांच कर रहा है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि जांच में विंसेंट के दावों को भी परखा जायेगा. अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक दुनियाभर में दिखाये गये पुते चेहरे और वाइकिंग सिंगों वाले शख्स की पहचान एरिजोना के जैक एंजेली के रूप में हुई है, जो ट्रंप समर्थक है और धुर दक्षिणपंथी समूह श्क्यूएनॉनश का सदस्य है.इस लेख का उद्देश्य उस घटना के बारे में बात करना नहीं है, बल्कि अमेरिका में मेरे अपने अनुभवों के आधार पर भारतीय अमेरिकियों की राजनीतिक गतिविधियों तथा एक समुदाय में धार्मिक आधारों पर दो दलों में विभाजन पर उनके असर के बारे में चर्चा करना है. अमेरिका में बसे भारतीय 1920–30 के दौर में तारकनाथ दास, हर दयाल, मुबारक अली खान और जेजे सिंह आदि अनेक लोगों के नेतृत्व में राजनीतिक रूप से सक्रिय थे. उनके प्रयासों से दलीप सिंह सौंद के अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य (1957–63) बनने का रास्ता साफ हुआ था, जो नब्बे के दशक तक कांग्रेस के एकमात्र भारतीय सदस्य थे.वह एक बेहद अहम संघर्ष था, क्योंकि दूसरे विश्वयुद्ध में सभी आप्रवासन रोक दिये गये थे. साल 1946 में ल्यूस–सेलार कानून के तहत भारतीयों को विशेष श्रेणी देकर उनके आप्रवासन की अनुमति दी गयी. यह इंडिया लीग के अध्यक्ष जेजे सिंह के दोनों दलों के कांग्रेस सदस्यों के साथ अभियान चलाने से ही हो सका था. इस कानून को प्रख्यात वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन, प्रसिद्ध लेखक पर्ल एस बक और कैलिफोर्निया के पूर्व गवर्नर अपटन सिंक्लेयर का समर्थन भी मिला था.भले ही इस कानून का झुकाव उत्तरी और पश्चिमी यूरोप के पक्ष में था, पर इससे अमेरिका में रह रहे तीन हजार भारतीयों को लाभ हुआ और उन्हें नागरिकता मिल गयी. साल 1952 में एक आप्रवासन कानून पारित हुआ, जिसमें एशियाई देशों के लिए हर साल महज सौ वीजा देने का ही प्रावधान था.असली फायदा 1965 में लिंडन जॉनसन के राष्ट्रपति रहते हुए बने कानून से हुआ, जिसमें देशों के कोटा सिस्टम को खत्म कर प्रवासी परिवारों की एकजुटता को बढ़ावा दिया गया, लेकिन दक्षिण एशिया से आये परिवारों की जीवनशैली एकाकी थी और उनकी गतिविधियां मंदिरों–मस्जिदों और दक्षिण एशियाई त्योहारों तक सीमित थीं. भारतीय समुदाय की संख्या तो बढ़ रही थी, पर वह राजनीति से अलग–थलग ही रहा।

## आज का राशिफल

मेष :– दुविधाओं को त्याग सही और स्वच्छ योजनाओं की ओर केंद्रित हों। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है किंतु भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

बृषभ :– अपनी भावुकता पर नियंतण्ररखें। हर रिश्ते में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना आपकी सबसे बड़ी मूर्खता है। माता के स्वास्थ के प्रति कुछ चिन्ताएं होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

मिथुन :– भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ अच्छे आसारों से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार बनेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कर्क :– भौतिक–सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी किंतु पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा सगे–संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

सिंह :– घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बने। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य त्यागें।

कन्या :– भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे–संबंधों में व्यवहार कुशल बने। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा।

तुला :– बुद्धिमत्ता द्वारा प्रत्येक दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

वृश्चिक :– निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

धनु :– राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। कोई नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

मकर :– भावनाओं पर नियंतण्ररख दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। धनागम के ने स्रेत बनेंगे। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

कुंभ :– किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। नौकरी–पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

मीन :– दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। बाहर की दुनिया में समय देने से अच्छा है कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्टा करें।

# अवांछित अमेरिकी राष्ट्रपति

**संजय गुप्त**

*उनके तमाम फैसले ऐसे रहे, जिनसे राष्ट्रपति के रूप में उनकी प्रतिष्ठा तो गिरी ही, वैश्विक स्तर पर अमेरिका की छवि पर भी विपरीत असर पड़ा। उन्होंने पेरिस जलवायु संधि को ठुकराने के साथ ही यह कहना भी शुरू कर दिया कि ग्लोबल वाघ्मग जैसी कोई समस्या ही नहीं। सच की अनदेखी करने का उनका यह रवैया कोरोना वायरस के संक्रमण के समय भी दिखा। प्रारंभ में उन्होंने कोरोना वायरस जनित कोविड–19 को कोई गंभीर बीमारी मानने से ही इन्कार कर दिया। इसके चलते अमेरिका को कहीं अधिक नुकसान उठाना पड़ा। ट्रंप ने कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों से किनारा करने के साथ ही, संयुक्त राष्ट्र की महत्वपूर्ण संस्थाओं, जैसे यूनेस्को और विश्व स्वास्थ्य संगठन से भी अमेरिका को बाहर निकालने का काम किया।*

राष्ट्रपति चुनाव नतीजों के अनुमोदन के समय अमेरिकी संसद की कार्यवाही जिस तरह ट्रंप समर्थकों की अराजकता का शिकार हुई, उससे अमेरिका की सारी दुनिया में फजीहत तो हुई ही, उसका यह दावा भी कमजोर हुआ कि वह सबसे मजबूत लोकतंत्र है। अमेरिकी संसद के बाहर और अंदर जो अकल्पनीय हिंसा हुई और जिसमें एक सुरक्षा कर्मी समेत पांच लोग मारे गए और कई घायल हुए, उसके लिए राष्ट्रपति ट्रंप ही जिम्मेदार हैं, क्योंकि यह मानने के अच्छे–भले कारण हैं कि उन्होंने अपने समर्थकों को चुनाव नतीजे स्वीकार न करने और उसका विरोध करने के लिए उकसाया। उनके इसी रवैये के कारण फेसबुक, ट्विटर आदि ने उनके खातों पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। उनका आचरण किस तरह राष्ट्रपति की गरिमा के प्रतिकूल रहा, यह उनके सहयोगियों के त्यागपत्र देने और कई रिपब्लिकन नेताओं की ओर से उनकी खुली आलोचना करने से स्पष्ट हो जाता है। हालांकि पिछले वर्ष नवंबर में चुनाव परिणाम सामने आने के बाद से ही ट्रंप चुनाव प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाकर नतीजों को अस्वीकार कर रहे थे, लेकिन इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी कि वह सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण में इस तरह बाधा खड़ी करेंगे और उपराष्ट्रपति पर दबाव बनाने के साथ अपने समर्थकों को इतने खुले तरीके से उकसाएंगे। अमेरिकी संसद में हिंसा के बाद ट्रंप भले ही शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण के लिए तैयार हो गए हों, लेकिन उनकी जैसी निंदा हुई, उसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। अपनी इस निंदा के लिए वही जिम्मेदार हैं। यह साफ है कि ट्रंप हाल के इतिहास के सबसे लांछित और साथ ही अवांछित राष्ट्रपति के रूप में जाने जाएंगे। वह राष्ट्रपति बनने के पहले ही विवादों से घिर गए थे। माना यह जा रहा था कि वह अपनी अप्रत्याशित जीत के बाद अपने रवैये में सुधार करेंगे और राष्ट्रपति की गरिमा के अनुरूप आचरण करेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इन्कार किया। वह अपने पूरे कार्यकाल में एक के बाद एक विवादित फैसले करते रहे। उनके तमाम फैसले




ऐसे रहे, जिनसे राष्ट्रपति के रूप में उनकी प्रतिष्ठा तो गिरी ही, वैश्विक स्तर पर अमेरिका की छवि पर भी विपरीत असर पड़ा। उन्होंने पेरिस जलवायु संधि को ठुकराने के साथ ही यह कहना भी शुरू कर दिया कि ग्लोबल वाघ्मग जैसी कोई समस्या ही नहीं। सच की अनदेखी करने का उनका यह रवैया कोरोना वायरस के संक्रमण के समय भी दिखा। प्रारंभ में उन्होंने कोरोना वायरस जनित कोविड–19 को कोई गंभीर बीमारी मानने से ही इन्कार कर दिया। इसके चलते अमेरिका को कहीं अधिक नुकसान उठाना पड़ा। ट्रंप ने कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों से किनारा करने के साथ ही, संयुक्त राष्ट्र की महत्वपूर्ण संस्थाओं, जैसे यूनेस्को और विश्व स्वास्थ्य संगठन से भी अमेरिका को बाहर निकालने का काम किया। इससे ये संस्थाएं कमजोर तो हुई हीं, उन पर उस चीन का दबदबा बढ़ा, जिससे वह मुकाबला करने का दम भरते थे। आज स्थिति यह है कि तानाशाह चीन अमेरिका पर कटाक्ष करने में लगा हुआ है। ट्रंप की राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। वह उद्योगपति के रूप में जाने जाते थे। यह बात और है कि उद्योगपति के तौर पर भी उनकी छवि विवादों से घिरी रही। यह एक पहेली ही है कि रिपब्लिकन पार्टी ने उन्हें राष्ट्रपति का उम्मीदवार क्यों बनाया? अगर ट्रंप के कारण अमेरिका की छवि को नुकसान पहुंचा तो इसके लिए एक हद तक रिपब्लिकन पार्टी भी जिम्मेदार है, जिसने कोई राजनीतिक अनुभव न होने के बाद भी उन्हें राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बना दिया। रिपब्लिकन पार्टी ने उन पर लगाए गए तमाम लांछनों की अनदेखी की। उनके राष्ट्रपति बनने पर यह तो अपेक्षित था कि वह कुछ अलग ढंग से काम करेंगे, लेकिन इसकी उम्मीद शायद ही किसी को रही हो कि वह मनमानी का परिचय देंगे और सामान्य राजनीतिक शिष्टाचार को भी ताक पर रख देंगे। कई बार तो वह सनक में आकर फैसले करते और फिर उनसे पलटते भी दिखे। उन्होंने कई ऐसे काम किए, जिनसे उनकी जगहंसाई हुई। राष्ट्रपति के तौर पर उन्होंने उच्च पदों पर नियुक्त अपने तमाम सहयोगियों को जिस तरह हटाया, उसकी भी मिसाल मिलना कठिन है। अक्सर वह उन्हें हटाने की घोषणा ट्वीट करके देते थे। विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री, सुरक्षा सलाहकार को वह इस तरह चलता कर देते थे, मानों वे मामूली पदों पर कार्यरत साधारण लोग हों। चार वर्ष के अपने कार्यकाल में उन्होंने महत्वपूर्ण पदों पर खुद के द्वारा नियुक्त कई लोगो को बार–बार बदला। वह मीडिया से न केवल झगड़ते रहे, बल्कि उसे लांछित भी करते रहे। यह सही है कि डेमोक्रेट की अपेक्षा रिपब्लिकन श्अमेरिका फर्स्टय की नीति पर ज्यादा जोर देते हैं, लेकिन ट्रंप इस नीति को एक अलग ही स्तर पर ले गए। इस नीति पर जरूरत से ज्यादा जोर देने के फेर में उन्होंने अमेरिका के साथ–साथ दुनिया को भी मुश्किलों में डाला। उन्होंने अफगानिस्तान के लिए खतरा बने तालिबान से समझौता किया और वह भी तब जब वे हिंसा बंद करने के लिए तैयार नहीं थे। साफ है कि जो बाइडन के लिए ट्रंप के गलत फैसलों से हुए नुकसान की भरपाई करना आसान नहीं होगा। उन्हें सबसे अधिक मेहनत ट्रंप के कारण अमेरिकी समाज में विभाजन की जो खाई पैदा हो गई है, उसे पाटने में करनी होगी। ट्रंप ने श्वेत चरमपंथियों को जिस तरह बढ़ावा दिया उससे अमेरिका को सामाजिक रूप से बहुत नुकसान पहुंचा है। विडंबना यह रही कि जब अश्वेत लोग पुलिस के हिंसक रवैये के खिलाफ सड़कों पर उतरे तो ट्रंप ने उन्हें भरोसा दिलाने की कोई पहल नहीं की। चूंकि अब जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने में कोई अड़चन नहीं इसलिए ट्रंप 20 जनवरी को व्हाइट हाउस से विदा तो हो जाएंगे, लेकिन वह अपने पीछे एक ऐसा अतीत छोड़ जाएंगे, जिसे अमेरिकी भूलना ही पसंद करेंगे। निरूसंदेह यह आसान नहीं होगा, क्योंकि ट्रंप ने अपने फैसलों से अमेरिका को कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाने का काम किया है। बेहतर हो कि रिपब्लिकन नेता यह संकल्प ले कि वह उनके जैसे नेता को आगे बढ़ाने की गलती फिर नहीं करेंगे। यह ठीक नहीं कि अभी भी रिपब्लिकन पार्टी के कई नेता न केवल ट्रंप के साथ खड़े हैं, बल्कि उनकी इस बात पर यकीन भी कर रहे हैं कि चुनावों में वाकई धांधली हुई। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अपने तेवर नरम करने के बाद भी ट्रंप बाइडन के शपथ ग्रहण में शामिल होने से इन्कार कर रहे हैं।

# सोशल मीडिया कंपनियों की दखल

**डॉ अश्विनी महाजन**

कुछ समय पूर्व यह विषय प्रकाश में आया कि कैम्ब्रिज एनालिटिका नाम की एक डेटा कंपनी ने 8.7 करोड़ लोगों के फेसबुक डाटा के आधार पर अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव अभियान में काम किया और ट्रंप की विजय में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही. फेसबुक कंपनी द्वारा अपने डेटा बेचने के कई साक्ष्य मिलते हैं और फेसबुक के मालिक मार्क जुकेरबर्ग ने इस संबंध में माफी भी मांगी थी, लेकिन भविष्य में इस प्रकार के कृत्य की पुनरावृति नहीं होगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है. वर्ष 2018 में यह बात सामने आयी कि इसी कैम्ब्रिज एनालिटिका कंपनी ने भारत की कांग्रेस पार्टी के लिए फेसबुक और ट्विटर के डेटा का उपयोग कर 2019 के चुनावों के लिए मतदाताओं के रूझान को बदलने के लिए कार्य करने का प्रस्ताव रखा. कंपनी की बेवसाइट पर यह दावा भी किया गया था कि 2010 के बिहार चुनाव में उसने विजयी दल के लिए काम किया था. राजनीतिक दलों के लिए चुनावी दृष्टि से सोशल मीडिया कंपनियों के डेटा का दुरुपयोग एक सामान्य बात मानी जाने लगी है. लेकिन हालिया अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव में इन सोशल मीडिया कंपनियों का दखल और अधिक सामने आया. राष्ट्रपति ट्रंप की लगभग सभी ट्वीटों पर ट्विटर की टिप्पणी आ रही थी. इससे स्वाभाविक तौर पर ट्रंप के बयानों को संदेहास्पद बनाने में इस कंपनी की खासी भूमिका रही. हाल ही में अमरीका में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद ट्रंप का ट्विटर एकाउंट सस्पेंड करने के कारण ट्विटर कंपनी बड़े विवाद का केंद्र बन गयी है. इसमें कोई दो राय नहीं कि इन सोशल मीडिया कंपनियों के पास इन प्लेटफार्मों को




इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों की निजी जानकारियां काफी बड़ी मात्रा में होती हैं. ये कंपनियां उनके सामाजिक रिश्तों, जात–बिरादरी, आर्थिक स्थिति, उनकी आवाजाही, उनकी खरीदारियों समेत तमाम प्रकार के डेटा पर अधिकार रखती हैं और इसका उपयोग वे राजनीतिक दलों के हितसाधन में भी कर सकती हैं. ऐसे में वे प्रजातंत्र को गलत तरीके से प्रभावित कर सकती हैं. हालांकि यदि सोशल मीडिया का उपयोग ईमानदारी से हो, तो उसमें कोई बुराई नहीं है, लेकिन यदि ये कंपनियां राजनीति को प्रभावित करने का व्यवसाय करने लगे, तो दुनिया में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं ही नहीं, बल्कि सामाजिक तानाबाना भी खतरे में पड़ जायेगा. हालांकि ट्विटर द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप के अकांउट को सस्पेंड करने के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि उनके बयान अमरीका में शांतिपूर्वक सत्ता हस्तांतरण के लिए खतरा हैं, लेकिन कुछ समय पूर्व फ्रांस में एक समूह द्वारा हिंसक गतिविधियों को औचित्यपूर्ण ठहराने वाली मलेशियाई प्रधानमंत्री मोहातिर मोहम्मद की ट्वीट के बावजूद उनके ट्विटर अकाउंट को सस्पेंड न किया जाना दुनिया में लोगों को काफी अखर रहा है. गौरतलब है कि अकेले भारत में ही फेसबुक के 33.6 करोड़ से ज्यादा अकाउंट हैं, जबकि इस कंपनी द्वारा चलायी जा रही मैसेजिंग, वायस एवं वीडियो कॉल एप के 40 करोड़ से ज्यादा ग्राहक हैं. इसी प्रकार फेसबुक इंस्टाग्राम एप का भी मालिक है. इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत की एक बड़ी जनसंख्या का निजी, आर्थिक एवं सामाजिक डेटा इस कंपनी के पास है. भारत में ट्विटर के लगभग सात करोड़ और दुनिया में 33 करोड़ एकाउंट हैं. फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर, लिंकेडिन आदि हालांकि मुफ्त में सेवाएं देते हैं, लेकिन अपने डेटाबेस का उपयोग वे अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए करते हैं. सर्च इंजन चलाने वाली गूगल कंपनी भी अनेकों बार अपने लॉगरिदम का गलत इस्तेमाल करने की दोषी पायी गयी है. आज भारत में विज्ञापन की दृष्टि से गूगल और फेसबुक सर्वाधिक आमदनी कमाने वाली कंपनियां बन चुकी हैं. ये कंपनियां उपभोक्ताओं को संतुष्टि भी प्रदान कर रही हैं, जिसके कारण उनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है. लेकिन बढ़ती लोकप्रियता और किसी भी प्रकार के अंकुश के अभाव में इन कंपनियों से समाज के तानेबाने को बिगाड़ने और लाभ के लिए कार्य करते हुए प्रजातंत्र को प्रभावित करने की केवल आशंकाएं ही नहीं, बल्कि वास्तविक खतरे भी बढ़ते जा रहे हैं. इन कंपनियों के कार्यकलापों और लॉगरिदम में पारदर्शिता का पूर्ण अभाव है. यह बात भी स्पष्ट है कि ये कंपनियां लाभ के उद्देश्य से काम करती हैं और अपने शेयर होल्डरों के लिए अधिकतम लाभ कमाने की कोशिश में रहती हैं. इसलिए स्वाभाविक तौर पर, चाहे कानून के दायरे में ही रहकर, ये कंपनियां लाभ कमाने के लिए कुछ भी कर सकती हैं. चूंकि सोशल मीडिया हाल ही में आस्तित्व में आया है, इसलिए विभिन्न देशों के कानून उनको नियंत्रित करने में स्वयं को अक्षम महसूस कर रहे हैं. ऐसे में किसी भी कानूनी बाध्यता के अभाव में ये कंपनियां सामाजिक और राजनीतिक तानेबाने और लोकतंत्र की भावनाओं पर चोट कर सकती हैं. हाल ही में एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा ध्यान में आया, जब चीन के कुछ मोबाइल एप अमानवीय एवं असमाजिक कृत्यों में संलग्न थे, तो भी उन्हें प्रतिबंधित करने में सरकार को कानून के अनुसार निर्णय लेने में लंबा समय लगा, लेकिन फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर इत्यादि पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा. इन कंपनियों के संभावित खतरों के मद्देनजर चीन ने प्रारंभ से ही इन्हें अपने देश में प्रतिबंधित किया हुआ है और इनके मुकाबले में चीनी एप विकसित किये गये हैं. फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर इत्यादि के उनके अपने ही विकल्प हैं. भारत भी ऐसा प्रयास कर सकता है कि चाहे इन एप को जारी भी रखा जाए, लेकिन साथ ही उनके विकल्प भी उपलब्ध हों. बड़ी संख्या में चीनी एप को प्रतिबंधित करने के बाद देश में भारत के ही स्टार्टअप्स द्वारा अनेकों प्रकार के एप विकसित किये भी गये हैं. इसी प्रकार सरकार डेटा के दुरुपयोग को रोकने के लिए डाटा संप्रभुता हेतु कानून बनाकर इन कंपनियों को पारदर्शी तरीके से अपने डेटा को भारत में ही रखने के लिए बाध्य कर सकती है. इन कंपनियों द्वारा डाटा माइनिंग को हतोत्साहित करते हुए भी लोगों के निजी डेटा के दुरुपयोग को कम किया जा सकता है. प्रौद्योगिकी विकास के इस युग में उपभोक्ता संतुष्टि के साथ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को सुरक्षित रखना और सामाजिक तानेबाने को नष्ट करने के प्रयासों को रोकना सरकार की जिम्मेदारी है और सरकारें प्रभावी नियंत्रण हेतु कानून बनाने के दायित्व से विमुख नहीं रह सकतीं।





# श्रीराम राघवन की फिल्म में विजय सेतुपति के ऑपोजिट नजर आएंगी कटरीना कैफ

कटरीना कैफ डायरेक्टर श्रीराम राघवन की अगली फिल्म में काम करेंगी। इस फिल्म में साउथ स्टार विजय सेतुपति लीड रोल में नजर आएंगे। बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कटरीना कैफ ने अपनी दमदार ऐक्टिंग के चलते लोगों के दिल में खास जगह बनाई है। उन्होंने कई हिट फिल्मों में काम किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कटरीना कैफ ने एक फिल्म साइन की है और वह इस फिल्म में साउथ स्टार विजय सेतुपति के ऑपोजिट नजर आएंगी। फिल्मफेयर डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, कटरीना कैफ डायरेक्टर श्रीराम राघवन की अगली फिल्म में काम करेंगी और इस फिल्म में विजय सेतुपति लीड रोल में नजर आएंगे। इस महीने की शुरुआत में श्रीराम राघवन ने वरुण धवन के साथ फिल्म श्इक्कीसश के बारे में बात की थी लेकिन यह फिल्म हाशिये पर चली गई है। कटरीना को शादी कर बच्चे पैदा करने चाहिएरू सलमान खान कटरीना कैफ इस समय अपनी फिल्म श्सूर्यवंशीश के रिलीज होने का इंतजार कर रही हैं। कोरोना वायरस के चलते लॉकडाउन के कारण यह फिल्म रिलीज नहीं हो पाई थी। डायरेक्टर रोहित शेट्टी की इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसके अलावा कटरीना कैफ हॉरर कॉमिडी श्फोन भूतश में सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर के साथ काम कर रही हैं। वहीं, विजय सेतुपति सुपरहिट तमिल फिल्म श्मानागरमश के हिंदी रीमेक के साथ बॉलिवड में अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन संतोष सिवन करेंगे और विजय सेतुपति हास्य भूमिका निभाएंगे। सलमान खान को पहली बार देखकर खूब हंसी थीं कटरीना कैफ, ये थी वजह कटरीना कैफ ने खुलासा किया था कि अलवीरा खान ने उन्हें अपने भाई सलमान खान से मिलवाया था। अलवीरा खान ने सलमान खान के जन्मदिन पर कटरीना कैफ को इनवाइट किया था। ऐक्ट्रेस ने इस बारे में बात करते हुए कहा था कि जब उन्होंने ऐक्टर को देखा था तब वह शर्टलेस थे।


# विद्युत जामवाल ने दुनिया के सबसे घातक हथियार से किया स्टंट



बॉलिवुड ऐक्टर विद्युत जामवाल अपने ऐक्शन के लिए काफी पॉप्युलर हैं। फिल्मों में अपनी ६ ।माकेदार ऐक्टिंग के अलावा वह अपनी फिटनेस से लोगों का ध्यान खींचते हैं। सोशल मीडिया पर ऐक्टिव रहने वाले विद्युत जामवाल अक्सर अपने स्टंट वाले वीडियो शेयर करते रहते हैं। ऐक्टर ने एक बार फिर कुछ ऐसा ही कमाल का स्टंट करके दिखाया है। अब क्योंकि विद्युत ने स्पेशल ट्रेनिंग ले रखी है, ऐसे में वे हर मुश्किल स्टंट को आसानी से निभा जाते हैं। दुनिया में वैसे तो कई खतरनाक हथियार होते हैं, लेकिन कहा जाता है कि उरूमी का इस्तेमाल करना सबसे मुश्किल साबित होता है। ऐसे में विद्युत ने भी खुद के लिए यहीं चौलेंज तैयार किया है। सोशल मीडिया पर एक्टर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में विद्युत उरूमी का इस्तेमाल कर तेज गति से स्टंट कर रहे हैं। वे जिस आसानी से इस घातक हथियार का इस्तेमाल कर रहे हैं, सभी बस देखते रह गए हैं। वैसे विद्युत के लिए ऐसे स्टंट करना कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने इससे पहले भी कई घातक स्टंट पूरे किए हैं। कुछ समय पहले उनका एक और वीडियो वायरल रहा था जहां वे अपने शरीर पर गर्म मोम डाल रहे थे। एक्टर ने अपने आप को ऐसा ट्रेन किया कि अब उनकी एकाग्रता बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इसी वजह से वे इतनी सटीकता से हर हथियार का इस्तेमाल कर पाते हैं।वर्कफ्रंट की बात करें तो विद्युत जामवाल का आखिरी बार फिल्म खुदा हाफिज में नजर आए थे। फिल्म को दर्शकों का बेहतरीन रेस्पॉन्स मिला था। बताया जा रहा है कि विद्युत जामवाल फिल्म खुदा हाफिज के सीक्वल पर काम करने जा रहे हैं।


# अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के घर आई नन्ही परी

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने आज 11 जनवरी, 2021 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया. अनुष्का और विराट आज ही के दिन अस्पताल पहुंचे थे. इस जोड़े ने अगस्त 2020 में अपनी गर्भावस्था की घोषणा की थी. विराट कोहली ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी. अब विराट के भाई विकास से विरुष्का की बच्ची की पहली झलक की वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर की है, जो काफी वायरल हो रही है अगस्त में विराट ने की थी गुड न्यूज की सूचना अगस्त महीने में विराट कोहली (टपतंज ज्ञवीसप) ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया था कि जल्द ही वो दो से तीन होने वाले हैं. दोनों ने एक फोटो शेयर की थी जिसमें अनुष्का को काले पोल्का डॉट ड्रेस पहने देखा जा सकता है जबकि विराट उनके पीछे खड़े थे. आपको बता दें इसके बाद अनुष्का अपने एड



शूट में काफी व्यस्त थीं. विराट (टपतंज ज्ञवीसप प्देजंहतंउ) ने ये खुशखबरी अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की . जिसमें उन्होंने बताया कि वो एक बेटी के पिता बन गए हैं. साथ ही उन्होंने बेबी गर्ल और अनुष्का की हेल्थ के बारे भी जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि दोनों काफी हेल्दी है और वो काफी खुश हैं. विराट के भाई विकास कोहली ने शेयर की बच्ची की पहली झलक कुछ घंटों बाद, विराट कोहली के भाई, विकास कोहली ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी भतीजी की पहली झलक पोस्ट की. तस्वीर में हम विराट और अनुष्का की छोटी लड़की के पैरों की तस्वीर देख सकते हैं. इसके ऊपर, उन्होंने एक ळ्थ् स्टिकर जोड़ा, और ष्वेलकमष लिखा. इसके साथ, उन्होंने लिखा, ष्खुशी की लहर .... घर में परी का स्वागत हैष विराट और अनुष्का ने 2017 मे की थी शादी विराट और अनुष्का ने 11 दिसंबर 2017 को इटली में शादी की थी. आलीशान रिजॉर्ट में केवल करीबी दोस्त और रिश्तेदार ही शामिल हुए थे. देश से बाहर शादी करने को लेकर विराट कोहली ने एक बार कहा था कि मीडिया की चकाचौंध से बचने के लिए उन्होंने अपने शादी समारोह को बेहद निजी तौर पर आयोजित करने का फैसला लिया था. इसलिए वेडिंग डेस्टिनेशन भारत से बाहर ही तय की गई.बाद में दिल्ली और मुंबई में दो ग्रैंड रिस्पेशन दिए गए. अनुष्का शर्मा बनी निर्माता अपने भाई करणेश शर्मा के साथ मिलकर 2014 में क्लीन स्लेट फिल्म्स नाम से प्रोडक्शन कंपनी की शुरुआत की थी. इस बैनर के तले उन्होंने परी और फिल्लौरी का निर्माण किया था. हाल ही में आई वेब सीरीज पाताल लोक का निर्माण भी अनुष्का ने ही किया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था. शादी के बाद अनुष्का की परी, संजू, फिल्लौरी और जीरो रिलीज हुई थी.

# व्हाइट ड्रेस में उर्वशी रौतेला ने ढाया कहर









बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला सोशल मीडिया पर अक्सर अपने हुस्न का जलवा बिखेरती दिखाई देती हैं। फैन्स भी उनकी हर तस्वीर पर लाइक और कमेंट्स के जरिए प्यार बरसाते रहते हैं।उर्वशी रौतेला सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर फैन्स संग अपने नए लुक्स की फोटोज शेयर करती हैं।



## सोने से पहले करना ना भूलें ये 6 काम तभी दिनभर चेहरे पर दिखेगा निखार



सुंदर व बेदाग चेहरा पाने के लिए स्किन का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। अक्सर लड़कियां दिनभर तो चेहरे को निखारने के लिए अलग–अलग नुस्खों को अपनाती है। मगर सोने से पहले स्किन की सही से देखभाल नहीं करती है। मगर असल में, रात के समय हमारी स्किन रिपेयर होने का काम करती है। ऐसे में सोने से पहले कुछ चीजों का ध्यान रखकर सुबह ग्लोइंग व जवां स्किन मिल सकती है। तो चलिए आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए नाइट ब्यूटी रूटीन के बारे में बताते हैं...

मेकअप करें रिमूव

सबसे पहले इस बात ध्यान रखें कि सोने से पहले चेहरे का सारा मेकअप अच्छे से साफ करें। असल में, हमारी त्वचा रात के समय रिपेयर होती है। ऐसे में जरूरी है कि इसमें मौजूद गंदगी को अच्छे से साफ किया जाएं। इसके लिए नारियल तेल से चेहरे को साफ करें। बाद में ताजे पानी से चेहरा धो लें। इससे त्वचा पर जमा गंदगी साफ हो स्किन को सांस लेने में मदद मिलेगी। साथ ही आपको फ्रेश फील होगा।

पैरों को धोएं

बिस्तर पर गंदे पैर लेकर सोने से बीमारियों के होने का खतरा रहता है। इसके लिए जरूरी है कि सोने से पहले पैरों को धोएं। आप चाहे तो गुनगुने पानी में गुलाब जल या नीम की पत्तियां डालकर नहा भी सकते हैं। इससे आप तरोताजा महसूस करेंगे। साथ ही अच्छी व गहरी नींद आने में मदद मिलेगी।

हल्दी वाला दूध पीएं

सोने से करीब 1 घंटा पहले 1 गिलास हल्दी वाला दूध पीएं। इससे खून साफ होने के साथ शरीर में मौजूद गंदगी बाहर निकलने में मदद मिलेगी। इम्यूनिटी बढ़ने के साथ स्किन पर नेचुरल ग्लो आएगा।

आंखों का यूं रखें ध्यान

दिनभर काम करने से आंखों में थकावट होने लगती है। इसके अलावा कई महिलाओं को डार्क सर्कल की भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सोने से पहले आंखों पर एलोवेरा जेल या नारियल तेल से मसाज करें। इससे आंखों के आसपास पड़े काले घेरे दूर होने के साथ अन्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

इस तरह मिलेगी ग्लोइंग स्किन

सोने से पहले चेहरे की एलोवेरा जेल, कच्चा दूध या नारियल तेल से मसाज करें। इससे त्वचा की मृत कोशिकाएं साफ होकर नई स्किन आने में मदद मिलेगी। चेहरे पर पड़े दाग–धब्बे, झुर्रियां, पिंपल्स, डार्क सर्कल की समस्या दूर होगी। साथ ही चेहरा बेदाग, निखरा, ग्लोइंग व जवां नजर आएगा।

अच्छी स्माइल के लिए करें यह काम

सोने से पहले दांतों को ब्रश जरूर करें। नहीं तो रातभर खाना दांतों पर चिपका रहेगा। इससे मुंह में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। ऐसे में मुंह से बदबू व दांतों के खराब होने की परेशानी हो सकती है। इसलिए सोने से पहले करीब 3 मिनट तक अच्छे से दांतों पर ब्रश करें।

## वैक्सीन पर चेतावनी! टीके ने बढ़ाई लोगों की चिंता, दिख रहा यह साइड इफेक्ट




कोरोना के खिलाफ हर एक देश की तैयारी जोरो शोरो पर है। बहुत से देशों में कोरोना के खिलाफ टीकाकरण भी शुरू हो गया है लेकिन इस बात से भी कोई मुंह नहीं फेर सकता है कि इसके बहुत सारे साइड इफेक्ट्स भी दिख रहे हैं। खासकर लोगों में वैक्सीन लेने के बाद एलर्जी का एक कॉमन साइड इफैक्ट देखा जा रहा है। बहुत से लोगों को कोरोना की वैक्सीन दी जा चुकी है।

लोगों में देखा जा रहा यह साइड इफैक्ट

वैक्सीन के साइड इफैक्ट्स पर डॉ. एंथोनी फौसी जो कि छंजपवदंस प्देजपजनजम वि |ससमतहल ंदक प्दमिबजपवने क्पेमंेम के डायरेक्टर हैं उन्होंने कोरोना वैक्सीन को लेकर लोगों को आगाह किया है। फौसी की मानें तो लोगों में जो एक साइड इफैक्ट ज्यादा तर देखा जा रहा है वह है कि वैक्सीन लेने के बाद लोगों को एलर्जी हो रही है।

वैक्सीन से नजर आ सकते हैं साइड इफैक्ट्स

डॉ. एंथोनी फौसी ने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि वैक्सीन लेने के बाद लोगों को साइड इफैक्ट्स हो सकते हैं लेकिन एलर्जी के साइड इफैक्ट्स बहुत कम लोगों में देखने को मिल रहे हैं। डॉ फौसी ने यह भी माना कि वैक्सीन से कुछ इफैक्ट्स नजर आ सकते हैं लेकिन इसे आसानी से मैनेज भी किया जा सकता है। डॉ फैसी की मानें तो वैक्सीन लेने के 24 या 72 घंटे के बीच बुखार या फिर दर्द की समस्या हो सकती है। लेकिन अगर बात लॉन्ग टर्म साइड इफैक्ट की करें तो उसके इफैक्ट वैक्सीन लेने के 30 से 45 दिनों में दिख जाते हैं। इतना ही नहीं फौसी ने यह भी कहा कि इस बारे में अभी भी कुछ अनिश्चितताएं हैं कि टीका बचाव कर सकता है या नहीं। हालांकि फाइजर और डवकमतदं वैक्सीन काफी असरदार बताई जा रही है लेकिन इसके भी कई साइड इफैक्ट्स सामने आ रहे हैं।

वैक्सीन लेने के बाद भी न छोड़े यह काम

ऐसा देखा जा रहा है कि लोगों ने अब मास्क का इस्तेमाल बहुत कम कर दिया है। लोग बाजारों में और भीड़ भाड़ वाली जगहों पर बिना मास्क के ही घूम रहे हैं ऐसे में डॉ. एंथोनी फौसी ने कहा कि अगर आपको वैक्सीनेशन मिल गई है तो इसका अर्थ यह नहीं है कि आप बिना मास्क के घूमें ऐसा करने से कोरोना का खतरा कम नहीं होगा।

अमेरिका में लगातार सामने आ रहे साइड इफैक्ट्स

आपको बता दें कि अमेरिका में फाइजर और मॉडर्ना की वैक्सीन लगाने के बाद एलर्जी के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। इतना ही नहीं जिन लोगों को एलर्जिक रिएक्शंस हो रहा है, उन्हें दूसरी डोज न लेने की सलाह दी जा रही है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्टों की मानें तो फाइजर की वैक्सीन लगाने के बाद एनाफिलेक्सिस (गंभीर एलर्जिक रिएक्शन) के 28 मामले सामने आ चुके हैं।

एलर्जी रिएक्शन में सबसे ज्यादा महिलाएं शामिल

वहीं लोगों में गंभीर एलर्जी रिएक्शन देखे जा रहे हैं और उनमें से 90 : महिलाएं है। अमेरिका में अब तक फाइजर और मॉडर्ना की वैक्सीन 50 लाख लोगों को दी जा चुकी है। आपको बता दें कि वैक्सीन के रिएक्शन लगभग 30 मिनटों के भीतर दिखने लगे थे। ऐसा 86: मामलों में यह बात सामने आई है। ये रिएक्शन जिन लोगों में देखे गए उनमें से 81 पर्सेंट में पहले भी एलर्जिक रिएक्शन हो चुका है।





## आंखों को स्वस्थ रखने के लिए हर रोज खाएं ये आहार

आंखें शरीर का सबसे नाजुक व अहम हिस्सा होती है। इससे ही हम इस खूबसूरत दुनिया को देख सकते हैं। ऐसे में इसकी देखभाल खास तरीके से करने की जरूरत होती है। खासतौर पर विटामिन ए के भरपूर चीजें आंखों के लिए बेहद ही फायदेमंद मानी जाती है। इसकी कमी होने पर आंखों की रोशनी कम होने के साथ इससे जुड़ी अन्य परेशानियां हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि अपनी डेली डाइट में विटामिन ए से भरपूर चीजों को शामिल किया जाएं। तो चलिए आज हम आपको 4 हैल्दी फूड्स के बारे में बताते हैं। इनका सेवन करने से आंखों को पोषण व शक्ति मिलेगी।

आंवला

आंवला विटामिन–सी, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में इसके सेवन से इम्यूनिटी स्ट्रांग होने के साथ आंखों की रोशनी बढ़ती है। साथ ही मोतियाबिंद से परेशान लोगों को रोजाना 1–1 चम्मच शहद व आंवला पाउडर मिलाकर सेवन करना चाहिए।

डेयरी प्रॉडक्ट्स

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए डेली डाइट में डेयरी प्रॉडक्ट्स शामिल करना बेस्ट ऑप्शन है।६ इनमें कैल्शियम, विटामिन ए अधिक होने से आंखों की रोशनी बढ़ने के साथ इससे जुड़ी बीमारियों से बचाव रहता है।

सूखे मेवे

ड्राई फ्रूट्स यानी सूखे मेवों में विटामिन, कैल्शियम, आयरन, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–इंफ्लेमेटरी, एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं।६ ऐसे में इसके सेवन से बीमारियों से बचाने के साथ आंखों के लिए फायदेमंद होते हैं। काजू, बादाम व किशमिश में विटामिन ए और ओमेगा 3 फैटी एसिड अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसलिए इसके सेवन से आंखों की रोशनी बढ़ने के साथ इससे जुड़ी बीमारियों से बचाव रहता है।

हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियों में विटामिन, कैल्शियम, आयरन, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–इंफ्लेमेटरी, एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं। इसके सेवन से आंखे स्वस्थ रहने से जुड़ी बीमारियों से बचाव रहता है। ऐसे में नियमित रूप से साग, पालक, हरी फलियां, मेथी आदि हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए।

गाजर का जूस

गाजर का जूस खून बढ़ाने के साथ आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है। ऐसे में खासतौर पर जिन लोगों को चश्मा लगा है उन्हें नियमित रूप से 1 गिलास गाजर का जूस जरूर पीना चाहिए।

इन बातों का भी रखें ध्यान


– घंटों कप्यूटर पर काम करने पर आंखें कमजोर होने लगती है। ऐसे में काम के बीच थोड़ा ब्रेक जरूर लें।

– आंखों पर जलन या खुजली होने पर ताजे या ठंडे पानी से छींटे मारें।

– बाहर का जंक, मसालेदार व ऑयली फूड खाने से बचें।

– काम के बीच हर 1 घंटे में 5 मिनट तक आंखें बंद करके उसे रिलैक्स करें।

## साउथ एक्ट्रेस सामंथा की ग्लोइंग स्किन का राज है सिर्फ 9 मिनट का यह नुस्खा



बॉलीवुड के साथ साउंथ की एक्ट्रेस भी अपनी खूबसूरती से जानी जाती है। बात अगर मशहूर अभिनेत्री सामंथा अक्किनेनी की करें तो वे अपनी दमदार एक्टिंग के साथ खूबसूरती से भी फैंस को दिवाना बनाने का काम करती है। इनकी सुंदर व ग्लोइंग स्किन का राज कोई ब्यूटी प्रॉडक्ट नहीं बल्कि 9 मिनट का एक नुस्खा है। तो चलिए जानते हैं इनका ब्यूटी सीक्रेट...

असल में, साउंथ का मौसम बहुत ही गर्म होता है। ऐसे में अधिक गर्मी के कारण ज्यादा पसीना आने, स्किन पोर्स बंद होना, रूखी व बेजान त्वचा की परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए इन्हें अपनी स्किन की खास देखभाल करने की जरूरत होती है। ऐसे में साउंथ एक्ट्रेस सामंथा सिर्फ 9 मिनट का उपाय करके अपने चेहरे पर ग्लो लाने काम करती है।

स्टीमिंग है सामंथा का ब्यूटी सीक्रेट

एक्ट्रेस अपने चेहरे की खूबसूरती बरकरार रखने के लिए स्टीमिंग का सहारा लेती है। उनका कहना है कि इससे स्किन पोर्स खुलते हैं। ऐसे में इसमें जमा गंदगी, एक्सट्रा ऑयल साफ होने में मदद मिलती है। त्वचा की गहराई से सफाई होने के साथ स्किन खुलकर सांस ले पाती है। साथ ही स्किन के कई हानिकारक टॉक्सिन्स और गैर जरूरी ऑयल बाहर निकलने में मदद मिलती है। ऐसे में उनकी स्किन हैल्दी, सुंदर व जवां नजर आती है।

स्टीमिंग के बाद टोनर लगाना जरूरी

मगर इसके लिए जरूरी नहीं है कि हर समय स्किन पोर्स खुले रहें। असल में, ऐसा होने से स्किन ढीली पड़ सकती है। इसके कारण चेहरे पर असमय झुर्रियों, झाइयों की समस्या हो सकती है। ऐसे में स्टीमिंग के बाद इन पोर्स को कम करने के लिए टोनर का इस्तेमाल करें। साथ ही इनमें गंदगी जमा ना रहें इसके लिए नियमित रूप से पोर्स की सफाई करें।

तो चलिए जानते हैं सामंथा अक्किवेक का इंस्टेंट ग्लो पाने का तरीका...

– स्टीमिंग करने के लिए एक बाउल में गर्म पानी भरें।

– चेहरे को पानी के बाउल से थोड़ा ऊपर रखें।

– फिर कपड़े या तौलिए से चेहरे को चारों तरफ से ढक दें।

– गहरी सांस लेते हुए 9 मिनट तक इसी अवस्था में रहिए।

– अगर आपको चेहरे पर ज्यादा भांप महसूस हो तो इसे साफ करें।

– उसके बाद चेहरे पर मॉइश्चराइज लगाएं। इसके लिए आप कोई क्रीम या नारियल, बादाम व जैतून का तेल इस्तेमाल कर सकती है।

आप चाहे तो किसी भी तेल में गुलाब जल की कुछ बूंदें मिलाकर भी लगा सकती है।

स्टीमिंग करने के फायदे...

– इससे स्किन पोर्स खुलते हैं। ऐसे में त्वचा की गहराई से सफाई करने में मदद मिलती है।

– डेड स्किन सेल्स साफ होकर नई त्वचा आती है।

– स्किन की गहराई से सफाई होने के साथ पोषण मिलता है।

– स्टीमिंग से स्किन में मौजूद एक्सट्रा ऑयल साफ होकर रूखापन दिलाने में मदद मिलती है।

– हाइड्रेशन से परेशान महिलाओं स्टीमिंग जरूर करनी चाहिए। इससे स्किन को पोषण मिलने के साथ चेहरा साफ और जवां नजर आता है।

ड्राई स्किन वालों के लिए भी फायदेमंद

स्टीमिंग करने से त्वचा में रूखापन बढ़ जाता है। ऐसे में ड्राई स्किन वाली महिलाओं के मन में स्टीमिंग को लेकर कुछ सवाल रहते हैं। मगर असल में, रूखी त्वचा जल्दी ही बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में उनके स्किन पोर्स बंद होने लगते हैं। इससे बचने व निखार वापिस पाने के लिए स्टीमिंग करना बेस्ट ऑप्शन है। बस इन लोगों को स्टीम देने के बाद स्किन को अच्छे से मॉश्चारइज करने की जरूरत होती है। इससे डेड स्किन सेल्स साफ होकर नई त्वचा आने में मदद मिलती है। स्किन गहराई से साफ होकर निखरी, सुंदर व जवां नजर आती है।

# किसान आंदोलन के अगले चरण का वामदलों ने किया पुरजोर समर्थन

## आज जलायी जायेगी काले क्रषी कानूनों की होली

लखनऊ, (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के चारों वामपंथी दलों ने आल इंडिया किसान संघर्ष समन्वय समिति (एआईकेएससीसी ) द्वारा जारी आंदोलन के कार्यक्रम को समर्थन प्रदान करते हुये वामदलों के कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि वे किसानों के साथ मिल कर इन कार्यक्रमों को पूरी शिद्दत से सफल बनायें। वामदलों ने शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीकों से आंदोलन कर किसान कामगार और अन्य शोषित पीडितों की आवाज उठाने वाले वामपंथी एवं लोकतांत्रिक दलों के कार्यकर्ताओं, नेताओं की राज्य सरकार द्वारा उत्पीड़नात्मक कार्यवाही को जनता के समक्ष बेनकाव करने का आह्वान भी किया है। यहाँ जारी एक संयुक्त प्रेस बयान में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी–मार्क्सवादी, भाकपा, माले–लिबरेशन एवं आल इंडिया फारबर्ड ब्लाक के प्रादेशिक नेताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र की सरकार अपने कार्पोरेट्स आकाओं के हिट साधने के लिये किसानों और खेती को बरवाद करने वाले तीन काले कानूनों को जबरिया किसानों पर थोप रही है। वह किसानों को उनकी उपजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की कानूनी गारंटी लेने तक को तैयार नहीं है। किसानों के समक्ष 'लड़ो या मरो' की स्थिति आ गयी है और वे पिछले डेढ़ माह से अधिक से हाड़कंपाने वाली ठंड और वरसात में दिल्ली के चारों ओर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। घोर जनविरोधी एवं लोकतन्त्र विरोधी सरकार हठधर्मिता बरत रही है और आंदोलन को शिथिल करने को अनेकों मायावी हथकंडे अपना रही है। मजबूरन किसानों ने धरने के अतिरिक्त देश भर में गणतन्त्र दिवस तक कई कार्यक्रमों के आयोजन का आह्वान किया है। लोढ़ी, मकर संक्रान्ति के अवसर पर 13 जनवरी को देश भर में किसानो की बरवादी के प्रतीक तीनों काले क्रषी कानूनों की होली जलाई जायेगी। 18 जनवरी को महिला किसान दिवसों का आयोजन किया जायेगा तथा 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का 125 वां जनम दिवस किसान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। यदि फिर भी काले कानूनों को रद्द नही किया गया तो गणतन्त्र दिवस पर किसान परेड की योजना है। वामदल इन सभी कार्यक्रमों का समर्थन करते हैं। वामदलों ने कहा कि योगी सरकार निरंतर जनवादी आंदोलनों को दमानात्मक तरीकों से कुचलती रही है। वाराणसी में वामदलों के नेताओं के विरूध्द गैगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज की गयीं हैं तथा भारत बंद में भाग लेने पर अलीगढ़ में भी संगीन दफाओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। किसानों को दिल्ली जाने से बलपूर्वक रोका जा रहा है, धरने प्रदर्शन और अन्य आंदोलनकारी कार्यवाहियों को बाधित किया जा रहा है तथा लोगों को थानों में ले जा कर प्रताड़ित किया जा रहा है। यह लोकतान्त्रिक आंदोलनों को कुचलने के उद्देश्य से किया जा रहा है। वामदलों ने कहा कि राज्य सरकार को कल सर्वोच्च न्यायालय की दो टूक टिप्पणी कि "हम नागरिकों के प्रदर्शनों को रोकने के लिये कोई आदेश नहीं देंगे" का संज्ञान लेना चाहिए और अपनी तानाशाहीपूर्ण कारगुजारियों पर विराम देना चाहिए। उन्होने कहाकि न्यायिक प्रतिष्ठान को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए। भाकपा राज्य सचिव डा० गिरीश, माकपा राज्य सचिव डा० हीरालाल यादव, भाकपा माले के राज्य सचिव का० सुधाकर यादव एवं आ० इ० फारबर्ड ब्लाक के संयोजक अभिनव कुशवाहा ने उपर्युक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की है।

## आबकारी विभाग को मिली बड़ी कामयाबी,नकली शराब व एक कारोबारी को किया गिरफ्तार

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। कैम्पियरगंज तहसील क्षेत्र भगवानपुर में आबकारी विभाग ने छापेमारी के दौरान नकली शराब के अवैध धंधे का किया खुलासा जिसके तहत विदेशी ब्रांडेड शराब के 1950 ढक्कन,एंव देशी शराब के 17000 ढक्कन,एक रोल नकली क्यूआर कोड और बनायी गयी नकली शराब एंव 50 लीटर स्प्रिट,एक मोटर साइकिल एक पर्स को बरामद किया। मुखबिर की सूचना पर आबकारी इस्पेक्टर मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में



मोटरसाइकिल से जा रहे संदिग्ध युवक को रिगौली बन्धे पर रोक कर पूछताछ की गई जहाँ मौके पर उसके पास कुछ नकली शराब बरामद हुए।उसकी निशानदेही पर बड़े पैमाने पर नकली शराब बनाने का समान उसके घर से बरामद किया गया यह अवैध नकली शराब का कारोबार एक निजी मकान में होता था।गिरफ्तार युवक की पहचान रामकिशुन पुत्र रामकेवल निवासी भगवानपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के ऊपर 60/72,54/63 कापीराइट 120 बी,272,419,420,467,468,471 आईपीसी की धारा मे मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की। इस छापेमारी में आबकारी इंस्पेक्टर राकेश त्रिपाठी,मिथिलेश कुमार,अरविंद मिश्रा,पियूष विक्रम,रेखा श्रीवास्तव,निर्झणी पाण्डेय संयुक्त रूप से शामिल रहे।वही गिरफ्तार अवैध शराब कारोबारी को आबकारी टीम ने कैंपियरगंज पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

## हिन्दू आन्दोलन एकता पार्टी ने की हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

लखनऊ, (यूएनएस)। हिन्दू एकता आन्दोलन पार्टी, उत्तर प्रदेश ने हिंदु ब्राह्मण युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी कांग्रेस नेता व पूर्व पार्षद मोहम्मद रईस सहित बारह लोगों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी काररवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के रायबरेली जनपद में गाड़ी टकराने की मामूली घटना होने के बाद आरोपी अपने एक दर्जन साथियों के साथ बीती छह जनवरी को पीड़ित हिंदु ब्राह्मण युवक के आवास पर पहुंच कर जानलेवा हमला कर दिया था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संतोश रॉय ने इस हमले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहाकि इस मामले में आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे उसके हौंसले बुलन्द हो रहे है और पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है। पार्टी नेता ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि प्रशासन आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सख्त कदम नहीं उठाया गया तो पार्टी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिये बाध्य होगी। इस घटना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये श्री रॉय ने बताया कि बीते छह जनवरी को सायं 3 बजे की है जब पीड़ित लव मिश्रा पुत्र श्री जे पी मिश्रा निवासी गांधी नगर रायबरेली उत्तर प्रदेश, स्कूटी से अपने घर आ रहे थे और मार्ग में मनिक सिनेमा के सामने तेजी से कांग्रेस का नेता एवं पूर्व पार्षद मोहम्मद रईस तेजी से अपनी मोटर सायकिल से आ रहा था और उसने लव मिश्रा की स्कूटी पर टक्कर मार दी और दोनों तरह से लोग गिर गए, तभी मोहम्मद रईस उठकर लव मिश्रा से हाथापाई करने लगा परन्तु स्थानीय लोगों ने समझाकर मामले को शांत करवा दिया। उसके उपरांत लव मिश्रा अपने घर आ गए परन्तु 10 मिनट उपरांत ही मोहम्मद रईस अपने 10–12 जेहादी साथियों साथ वहां भी पंहुचा गया और घर के दरवाजे पर ही लोहे की राड एवं डंडों से जानलेवा हमला कर दिया और ऐसा करके सभी गुंडे भाग गए। उक्त मामले को स्थानीय थाना कोतवाली नगर में शिकायत पंजीकृत करवाई और चिकित्सा जांच भी करवाई परन्तु थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने आश्वासन दे दिया की कार्यवाही होगी परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई जिससे लव मिश्रा का परिवार दहशत में है और कभी भी कुछ हो सकता है।

# योगी सरकार का निर्देश, बर्ड फ्लू पर तत्काल एहतियाती कदम उठाएं अफसर, निर्देश जारी

लखनऊ।मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सूचना विभाग के माध्यम से बर्ड फ्लू को लेकर जनमानस को जागरूक किया जाए। उन्हें बताया जाए कि क्या करना है और क्या नहीं करना है। सुरक्षात्मक कदम तत्काल उठाए जा सकें इसके लिए सभी संबंधित विभाग तैयारियों के संबंध में जानकारी दें। उन्होंने यह निर्देश बर्ड फ्लू से पैदा होने वाली स्थिति से निपटने के लिए राज्यस्तरीय टास्क फोर्स की वर्चुअल बैठक के दौरान दिए। तिवारी ने कहा कि मृत पक्षियों की सूचना आपातकालीन नंबर



व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दी जा सकती है।पशुपालन निदेशालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जो कि 24 घंटे खुला है। इसका टोल फ्री नंबर 18001805154 और टेलीफोन नंबर 0522–2741991 व 92 है। जिलों में स्थापित कोविड कंट्रोल रूम पर तत्काल कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर रिपोर्ट प्राप्त की जाए। पका अंडा और मीट खाने से कोई खतरा नहीं मुख्य सचिव ने कहा कि आमजन को बताएं कि पूर्णरूप से पका हुआ अंडा या मीट खाने से बर्ड फ्लू का कोई खतरा नहीं है क्योंकि यह वायरस 70 डिग्री सेंटीग्रेट पर समाप्त हो जाता है। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव पशुधन भुवनेश कुमार और वन एवं सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## बाजुओ मे दम हो तो हौसले बुलंद होते है:हरिओम यादव

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। खजनी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरिहरपुर मे वार्ड संख्या 35 के जिला पचायत सदस्य प्रत्याशी हरिओम यादव व्दारा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे



मुख्य रूप से हरिओम यादव ने भारत मा के झन्डे को सलामी देकर दौड़ का शुभारंभ किया और अपने उद्बोधन में कहे बाजुओ मे अगर ताकत हो तो हौसले बुलंद होते है परिश्रम ही सफलता कि कुन्जी है जो परिश्रम करेगा वो निश्चित रूप से आगे जायेगा। जिसमे 800 मीटर की रेस मे प्रथम स्थान रूस्तम पासवान चौरी चौरा द्वितीय स्थान उमाशंकर यादव तृतीय स्थान राहुल यादव चौथा स्थान नवनीत यादव पांचवा स्थान विवेक मिश्रा छठवां स्थान संतोष यादव सातवां स्थान विशाल चौहान आठवां स्थान दीपक यादव ने प्राप्त किया प्रथम स्थान रूस्तम पासवान को साइकिल व 15 हजार रूपये देकर उत्साहवर्धन किया गया व सभी भाग लेने वाले धावको को हरिओम यादव व्दारा आर्कषक इनाम दिया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से राष्ट्रीय पहलवान बिट्टू राय अश्वनी यादव राष्ट्रीय पहलवान अवधेश यादव इन्द्रजीत यादव पन्चू जैसवाल ज्वाला यादव गिरधारी पहलवान उपस्थित रहे मुख्य सहयोगी संजय यादव सूरज यादव बलवन्त यादव प्रमोद यादव राहुल यादव महेन्द्र यादव सोनू यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरज यादव ने किया व आयोजक प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य हरिओम यादव व्दारा आये हुये सभी सम्मानित लोगो का आभार व्यक्त किया गया।



एक जमाना था जब लोग कहते थे, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब और खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब..., लेकिन विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत कुछ होनहारों ने इस कहावत को खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नवाब... में बदल दिया है। अब युवा न सिर्फ पढ़ाई बल्कि खेलों में भी अपनी बादशाहत कायम करने में जुटे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के भी कई विद्यार्थी ऐसे हैं जो पढ़ाई और खेल दोनों में नाम रोशन कर रहे हैं।

## मौसम विभाग का यूपी के कई जिलों में भारी शीतलहर का अलर्ट

लखनऊ, (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक पलटी मार दी। मंगलवार सुबह पूरे यूपी में ठंड पूरे शबाब पर है और पारा धड़ाम से नीचे गिर गया। उत्तराखंड समेत तमाम पहाड़ों पर हुई बर्फबारी ने यूपी में मौसम पूरी तरह से बदल दिया है। मौसम विभाग ने यूपी के कई जिलों में भारी शीतलहर का अलर्ट किया है। खासतौर से 13 जनवरी को अधिक ध्यान देने की बात है। यूपी में गलन बढ़ गई है, सूरज निकाल तो रहा है पर उसकी तपिश बेअसर है। अभी एक सप्ताह तक यह शीतलहर पूरे सूबे में जारी रहेगी। मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता ने कहाकि, पहाड़ों से आ रहीं हवाएं अभी गलन में इजाफा करेंगी। पश्चिमी यूपी के कई जनपदों में मंगलवार से शीतलहर चलेगी। हवा चलने से शहर के प्रदूषण में कमी आई। ऐसे में एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 192 दर्ज किया गया। मौसम विभाग का भारी शीतलहर का अलर्ट जिन जिलों के लिए जारी किया गया है, उनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहर सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली में आदि शामिल हैं। यहां ठंडी हवा का प्रकोप ज्यादा रहेगा। इसके अलावा राज्यभर के अन्य जनपदों में भी पारा में गिरावट आएगी। राजधानी लखनऊ में शाम को ठंडी हवा व कोहरा ने ठंड बढ़ा दी।

## मलिन बस्ती और स्कूल पहुंची मिशन शक्ति की टीम महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक

लखनऊ, (यूएनएस)। साल 2012 में देश की राजधानी दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा पर न सिर्फ कानून बनाया गया बल्कि महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों को अंजाम देने वाले अपराधियो को कड़ी सजा दिलाने के लिए कानून को और ज़्यादा सख्त बनाया गया। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति अभियान शुरू कर दिया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस लगातार महिलाओं और छात्राओं को स्वयं सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनाए जाने एवं किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए जागरुक करने का अभियान लगातार चला रही है । मिशन शक्ति के तहत आज सहादतगंज क्षेत्र के बैदन टोला मलिन बस्ती में पहुंच कर मिशन शक्ति की प्रभारी मोनिका यादव व अंबरगंज चौकी इंचार्ज तौहीद अहमद ने मोहल्ले में रहने वाली तमाम महिलाओं के साथ मीटिंग कर उन्हें ना सिर्फ उनकी सुरक्षा के गुर सिखाए बल्कि किसी भी घटना के घटित होने पर किस तरह से अपने आप को सुरक्षित रखा जाए और किस तरह से पुलिस की मदद की जाए इससे भी समझाया। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और छात्राओं को जागरूक करने के लिए निकली सहादतगंज मिशन शक्ति की टीम ने अंबरगंज स्थित सेंट मैरी स्कूल पहुंच कर वहां की सैकड़ों छात्राओं को भी सुरक्षा के गुर सिखाए मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान की अगुवाई कर रही मिशन शक्ति की प्रभारी मोनिका यादव ने स्कूल की छात्राओं के साथ कुछ पल बिता कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के जो टिप्स दिए उससे छात्राएं पूरी तरह से आश्वस्त दिखी। अंबरगंज चौकी इंचार्ज तौहीद अहमद ने बताया कि उनकी टीम लगातार मिशन शक्ति को मजबूत बनाते हुए महिलाओं युवतियों और छात्राओं को जागरूक करने का काम करते हुए उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि जब उनकी टीम मलिन बस्ती बैदन टोला पहुंची तो वहां की महिलाओं ने मिशन शक्ति से जुड़ी महिला पुलिस कर्मियों से कुछ सवाल किए जिसके जवाब पुलिस ने उन्हें देखकर मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया । मिशन शक्ति प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं युवतियों और छात्राओं की सुरक्षा के लिए चलाई गई एक मुहिम है जिसे लगातार आगे बढ़ाते हुए प्रदेश की पुलिस मिशन शक्ति के तहत महिलाओंऔर छात्राओं को जागरूक करने का काम कर रही है।

## कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु वैक्सीनेशन तैयारी की बैठक करते जिलाधिकारी

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0उज्ज्वल कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में कोविड 19 संक्रमण को पूर्ण रूप से



समाप्त करने के वैक्सीन टीकाकरण 16 जनवरी से जनपद की स्वास्थ्य सम्बन्धी सभी छत डाक्टर्स व कर्मचारियों की टीकाकरण किया जाना है। पर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों की सर्वप्रथम टीकाकरण किया जाना है। जिनका रजिस्टेशन एवं डाटावेस तैयार करने,वैक्सीन को यथा स्थान पहुचाने व वैक्सीनेशन करने वाले कर्मचारियों के प्रशिक्षण सम्बन्धी तैयारिया पूर्ण करने हेतु स्वास्थ्य अधिकारियो को निर्देश दिये गये।

## झंडेवाला पार्क में मनाई गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती

लखनऊ, (यूएनएस)। प्रतिवर्ष की भांति स्वामी विवेकानद जी के जन्मदिवस पर झंडेवाला पार्क अमीनाबाद में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख स्वांत रंजन कार्यक्रम के आयोजक पूर्व नेता विधान परिषद विंध्यवासिनी कुमार साथ में महापौर संयुक्त भाटिया, विधायक अवनीश सिंह बीजेपी के प्रदेश सहित अनेक गणमान्य लोगो ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक पूर्व नेता विधान परिषद विंध्यवासिनी कुमार ने कहा की इस पार्क से भारत की आजादी के आंदोलनों के कई संस्मरण जुड़े हुए है, बाबू गंगा प्रसाद द्वारा इस पार्क का निर्माण कराया गया। विन्ध्यवासिनी कुमार ने कहा कि कई बार के प्रयासों के फलस्वरुप इस ऐतहासिक पार्क के तीन प्रवेश द्वार के नाम स्वामी विवेकानंद द्वार,इस पार्क का निर्माण कारने वाले बाबू गंगा प्रसाद द्वार और शहीद गुलाब सिंह लोधी द्वार नगर निगम द्वारा कर दिया गया है। विन्ध्यवासिनी कुमार ने कहा इस पार्क में एक पुस्तकालय बने जिसमे देश की आजादी से जुड़े साहित्य और स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े संस्मरण भाषण का संकलन हो साथ ही पार्क में स्वामी विवेकानंद जी द्वारा शिकागो में दिए गए प्रथम 4 मिनट के भाषण का शिलापट्ट बने इस हेतु प्रयास जारी है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख स्वांत रंजन ने कहा की हम स्वामी विवेकानंद जी जैसे विराट व्यक्तित्व को क्यों याद करते है।

## सिकरीगंज थाना क्षेत्र में महिला की सन्दिग्ध हाल में मौत

**– सिकरीगंज थानाक्षेत्र के कासिमपुर गांव का मामला**

'अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव'

ब्यूरो गोरखपुर। पुलिस के अनुसार महिला ने की आत्महत्या लड़की के पिता हत्या होने का जता रहे आशंका जनपद के सिकरीगंज थाना क्षेत्र कासिमपुर में महिला की सन्दिग्ध हाल में मौत हो गयी परिजन लाश को जलाने के तैयारी करने लग गए । किसी के माध्यम से ममता चौहान की मौत की सूचना मायके वालो को लग गयी । आनन–फानन में मायके से लड़की के पिता राधेश्याम पहुंचे । लाश को देख हदप्रद रह गए गले मे रस्सी के दाग देख अचेत हो गए । पुलिस को सूचना दिया गया। पुत्री की हत्या होने की बात कही । वही पुलिस प्रथम दृस्या आत्मा हत्या मान रही है । लड़की के पिता को बात आत्महत्या हजम नही हो रही है । हलाकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद किसी नतीजे तक पहुंचने को कह रही है। बताते चले कि गोला गोपालपुर निवासी राधेश्याम बेलदार के पुत्री ममता का विवाह विनय चौहान निवासी कासिमपुर थाना सिकरीगंज में हुआ था ।आरोप है कि ममता की मौत सन्दिग्ध हाल में बीते 16 घण्टे पहले हुई । लड़की पक्ष को देर शाम 5 बजे तीसरे के माध्यम से पता चला । जब लाश जलाने की तैयार पूर्ण हो गयी थी । लड़की पक्ष के पहुँचने पर लाश को पुलिस अपने कब्जे में लिया और देर शाम पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष उपेन्द्र मिश्रा ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही होगी।

# कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत न्याय पंचायत व ग्राम पंचायत की गई बैठक का आयोजन




अमित रेखा – राज बरनवाल जटहा बाजार – कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के बाजार बसंतपुर में कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत न्याय पंचायत व ग्राम पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि हम प्रदेश भर के गांव–गांव जा रहे है. लोगों में सरकार के प्रति रोष है.वे पीड़ा में है.अपराध थम नहीं रहा व्यापार चौपट है.खेती से लागत नहीं आती.नौजवान बेरोजगार है.महंगाई की मार है.लोकतंत्र में जनता मालिक होती है.और सरकार जवाब दे है.लेकिन संघ–भाजपा के राज में संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है.अब इस समय हम सब की यह जिम्मेदारी बनती है कि हम सब पूरे मनोयोग से घर घर जाकर लोगो को कांग्रेस पार्टी से जोड़कर फिर से देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार लाए.कांग्रेस की ही सरकार आएगी तो देश के आम लोगो की सरकार आएगी ।इसी क्रम में प्रदेश सचिव कौशल त्रिपाठी ने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन को बूथ स्तर तक पहुँचाने के लिए कांग्रेस पूरी तरह लगी है ।बैठक की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा निर्धारित समय 23 जनवरी के अंदर सम्पूर्ण न्याय पंचायत व ग्राम पंचायत का गठन का कार्य कर लिया जाएगा.काफी न्याय पंचायतों में गठन का कार्य कर लिया गया है.कांग्रेस के एक–एक कार्यकर्ता ही इस जन विरोधी सरकार को उखाड़फेकेंगे.देश की जनता देख रही है.कि कैसे 40 दिन से अधिक हो गये.हमारा अन्नदाता दिल्ली बॉर्डर पर अपने हक–अधिकार की लड़ाई लड़ रहा है. लेकिन यह गूंगी–बहरी सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर सोयी है.श्री सिंह ने आगे कहा कि आज किसान विरोधी बिल को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के किए गए टिप्पणी का हम स्वागत करते हैं.यह किसानों की जीत है.जबकि तानाशाह सरकार के सामने देश की जीत है। बैठक में बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव कौशल त्रिपाठी,जिला महासचिव सीताराम प्रधान,अजय जायसवाल,जिला कोषाध्यक्ष भगवंत कुशवाहा,धनन्जय सिंह पहलवान,आफताब आलम,ब्लाक अध्यक्ष अनिरुद्व कुशवाहा,जिला सचिव अमित शाही,राजेश सिंह,बिग्गन कुशवाहा,पवन यादव,जितेन्द्र कन्नौजिया,मुन्ना यादव समेत आदी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी के नेतृत्व में किया गया

अमित रेखा जितेन्द्र कुमार सिंह

तहसील प्रभारी देवरिया। देवरिया–सोमवार को श्रमजीवी पत्रकार यूनियन इकाई की बैठक जनपद देवरिया के होटल शौर्य रिजेंसी में मनोनीत अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में यूनियन के कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन के लिए उपस्थित दो तिहाई से अधिक सदस्य गणों ने सर्व सम्मत से अध्यक्ष पद के लिए श्री प्रेम शंकर त्रिपाठी, सचिवः मंत्री पद के लिए डॉक्टर विवेकानंद उपाध्याय, उपाध्यक्ष पद के लिए पंडित रामाश्रय त्रिपाठी व रितेश सिंह पटेल, संयुक्त मंत्री पद के लिए रवि रावत व पुरुषोत्तम तिवारी कोषाध्यक्ष के लिए बृजेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी पद के लिए दिलीप कुमार व फिरोज खान का चयन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के





मनोनीत अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी ने किया। कार्यकारिणी के सदस्य गणों में अरुण सिंह पटेल, मनोज सैनी, रवि शंकर त्रिपाठी, रवीश मिश्र, अवनीश शंकर राय, तुषार पांडे, मृत्युंजय कुमार, लालबाबू गौतम, सुदामा सिंह कृष्णा, मनीष कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक सोनकर रखे गए. इस दौरान तेज बहादुर सिंह रामप्रताप पांडे विनय तिवारी, पवन कुमार यादव, मनोज शुक्ला, फोटोग्राफर दीपक तिवारी, सुमित चतुर्वेदी, विजय तिवारी आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

# वॉलीबॉल मैच का उद्घाटन किये ब्लाक प्रमुख राम प्रकाश सिंह

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। वॉलीबॉल मैच का उद्घाटन फरेंदा बुजुर्ग में करते हुए ब्लाक प्रमुख एवं प्रमुख संघ अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह वहां उपस्थित सीताराम यादव प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य



प्रमोद पूर्व प्रधान शिवकांत विश्वकर्मा बाजारडीह, पूर्व प्रधान राजेंद्र यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य मिट्ठू क्षेत्र पंचायत सदस्य विभूति पांडे दिनेश चंद्र, सबर उद्दीन हाफिज मोहम्मद अली, रेफरी मनीगुरु एवं शैलेंद्र सिंह इत्यादि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से मारी टक्कर बाइक सवार हुआ चोटिल

अमित रेखा – संजय साहनी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। सोमवार के शाम लगभग साढ़े सात बजे बोदरवार से सुधियानी के पास छुछिया ट्रैक्टर ट्राली में एक बाइक सवार पीछे से टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची मुकामी पुलिस उसे तत्काल अस्पताल भेजवा दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकोला थाना क्षेत्र के रामपुर भाठ निवासी शैलेन्द्र पुत्र रामहरख अपने बाइक से बोदरवार के तरफ से कप्तानगंज की ओर जा रहा था। अभी वह सुधियानी ढाला के पास पहुँचा था। कि आगे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से जा भिड़ा। और गम्भीर




रूप से घायल हो कर जमीन पर गिर कर तड़पने लगा। उसके आधार कार्ड से उसकी पहचान शैलेन्द्र पुत्र रामहरख ग्राम रामपुर भाठ, लक्ष्मीगंज,कुशीनगर के रूप में हुई है। सूचना पर मुकामी पुलिस ने पहूँच कर घायल को एम्बुलेंस से नजदीकी चिकित्सालय भेजवा कर उसके परिजनों सूचना दे दिया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर के रेफर कर देने पर परिजन उसे मेडिकल कालेज ले गए। उसकी चिंता जनक स्थिति बनी हुई थी।

# मकरसंक्रांति सामूहिक सहभोज कार्यक्रम का हुआ समापन

अमित रेखा बघौचघाट

जनपद देवरिया के विकास खंड पथरदेवा के अंतर्गत आज ग्राम सभा बघौचघाट के पशु




चिकित्सा अस्पताल के पास सामूहिक सहभोज कार्यक्रम का कार्य आरम्भ हुआ , इस बीच बाजार के समस्त लोगो को आमंत्रित करके खिचड़ी खिलाया गया व 60 ब्राहमण समाज के लोगो को अंग वस्त्र से सम्मानित कर दान के रूप में 51 – 51 रुपये दिए गए। बतादे की यह कार्यक्रम मकरसंक्रांति के अवसर पर रखा गया था , इस कार्यक्रम में भावी ग्राम प्रधान प्रत्याशी बघौचघाट माहीवाल जायसवाल , मन्नू जायसवाल व सुरेश जायसवाल मुख्य तौर पर तैयार रहे। जो साधु संतों व ब्राह्मणों का आशीर्वाद प्राप्त किए । ततपश्चात सामूहिक सहभोज कार्यक्रम का समापन शांति पूर्वक हुआ।

# नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा मनाया गया युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती

अमित रेखा– दुर्गेश कुमार यादव

धानी महराजगंज। आजाध ाानी ब्लाक में नेहरू युवा केन्द्र



महराजगंज (उ० प्र) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में नेहरू युवा केन्द्र महराजगंज की जिला युवा समन्वयक सुश्री सीमा पाण्डेय महोदया एवं लेखालिपिक श्री विरेन्द्र प्रताप सिंह जी दिशानिर्देशन में और धानी ब्लाक के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक (एन०वाई०वी) दुर्गेश कुमार यादव एवं शीला यादव के नेतृत्व में नेहरू युवा मण्डल बरडाड़ में युवाओं के प्रेरणास्रोत युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती मनाया गया एन०वाई०वी शीला यादव ने स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्णपण कर १२ जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया और सभी युवाओं को बताया की वैश्विक क्षितिज को भारतीय अध्यात्म एवं संस्कृति की सुगन्ध ा से सुवासित करने वाले युवा संन्यासी भारतीय मेधा के अप्रतिमान प्रतिमान युवाओं के प्रेरणास्रोत युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानन्द जी को उनकी जयंती पर कोटिशरू नमन एवं देश के सभी युवाओं को इस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता हैं स्वामी विवेकानन्द जी ने कहा था जितना बडा संघर्ष होगा

**जीत उतनी ही शानदार होगी**

इस लिए सभी युवा अपने लक्ष्य को लेकर अपनी संघर्ष करे सफलता जरूर मिलेगी।

इस अवसर पर एन० वाई० वी दुर्गेश कुमार यादव एवं शीला यादव के साथ – साथ युवा मण्डल के विनय, विजय, शेषनाथ, कुलदीप, पिन्टू, शिवेन्दर, विपिन, संदीप, प्रदीप, आशीष, रविकान्त, मोनू, आदित्य अशोक यादव, मिथलेश, अतुल, अंगेश्वर यादव, वृजेश, आदित्य, पन्नेलाल, अरविन्द, जितेन्द्र, शिल्पा,श्वेता, इत्यादि सदस्यगण उपस्थिति रहे।

# वरिष्ठता सूची जारी करने एवं पदोन्नति करने के लिए शिक्षकों ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

अमित रेखा – अल्केन्द्र पाण्डेय

तहसील प्रभारी

तमकुहीराज – कुशीनगर। जनपद के विकास खण्ड तमकुही के शिक्षकों ने वरिष्ठता सूची जारी करने एवं पदोन्नति करने की मांग को लेकर ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी तमकुही को सौंपा। मंगलवार को बीआरसी पहुंचकर शिक्षकों ने बीएसए को संबोधित ज्ञापन बीईओ तमकुही अजय कुमार तिवारी को सौंपकर जिले के शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी करने एवं पदोन्नति करने की मांग की। शिक्षकों को कहना है कि परीषदीय शिक्षकों की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कई वर्षो से नहीं की जा रही है। प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक ध्जूनियर विद्यालयों में




सहायक अध्यापक के पद रिक्त चल रहे हैं। अधिकांश विद्यालय सहायक शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रहे हैं।खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षकों के इस समस्या को प्राथमिकता से उच्चाधिकारियों को अवगत कराई जाएगी ।इस अवसर पर पूर्व एबीआरसी अमरनाथ यादव,प्राथमिक शिक्षक संघ मंत्री देवेन्द्र ओझा,जूनियर संघ अध्यक्ष रामप्रकाश शर्मा,जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ तमकुही के मंत्री अंजनी सिंह,अटेवा अध्यक्ष अजय सिंह,मिडिया प्रभारी राजू सिंह,पूर्व अध्यक्ष विरेन्द्र कुशवाहा,मिडिया प्रभारी अजय शर्मा,पूर्व एबीआरसी रामजीलाल कुशवाहा,शशिकांत पांडेय,वसी अहमद आदि मौजूद रहे।

# हरदोई जहानीखेड़ा रोड से ग्राम पंडरवा किला से होते हुए मढ़िया घाट को जाने वाली रास्ता जर्जर

अमित रेखा ताहिर हुसैन

ब्यूरो हरदोई। जनपद हरदोई ब्लाक पिहानी के ग्राम पण्डरवा किला में मस्जिद के पास से डामर रोड जो कि पूरा लगभग 2 किलोमीटर जर्जर है ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 2 साल पहले डामर रोड का निर्माण हुआ था लेकिन बस अड्डे से मात्र 200 मीटर हे डामर डाला गया था बाकी आगे के रास्ता को ठेकेदार ने छोड़बा दिया था जामा मस्जिद व बाबा तुरंत नाथ मंदिर व पण्डरवा बाजार होते हुए बाबा टेढे सूर तक डामर कार्य नहीं कराया था बस अड्डे से यह रोड मढ़िया घाट तक जाता है ग्रामीणों ने यह आरोप भी लगाया है कि इसका पैसा निकाल कर हवा हवाई हो गया जिम्मेदार लोग की रही लापरवाही इस रोड से पंण्डरवा से भेरिया कोटरा अमत लिया आदि गांव के राहगीर गुजरते हैं खासकर अमावस्या के दिन मढीया घाट स्नान करने जाने बालों लोग नरधिरा हरैया निपनिया तथा पिहानी देहलिया रामपुर का यही एक सीधा रास्ता है तथा गांव के नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद जाने का रास्ता भी यही है जरा सी बारिश होने पर रोड पर गंदगी का अंबार लग जाता है कई बार दो पहिया वाहन वाले यहां पर गिरकर चोटिल भी होते हैं रास्ते में गंदे पानी व गंदगी से अपवित्र हो जाते हैं इसलिए उनको सर्दियों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बरसात के मौसम मे यही डामर रोड पर मस्जिद के सामने लगभग 1फिट तक पानी भर जाता है और रहगीरो को काफी दिक्कत होतीं हैं और जल भराऊ होने के बाद 1एक हफ्ते तक नहीं रास्ता सूखता है जिससे आए दिन दुर्घटना का शिकार होते हैं शासन मौन धारण किए है लगभग 1 किलोमीटर तक डामर रोड पर मिट्टी डलवा कर कार्य कराना चाहिए ताकि कम से कम 1 फीट तक ऊंचाई हो सके उसके बाद डामर कार्य कराना चाहिए ताकि रोड पर जलभराव ना हो और राहगीरों को भी दिक्कतो का सामना ना करना पड़े अब देखना यह है की शासन प्रशासन इस तरफ ध्यान देता है या फिर मौन धारण करता है।

# चोरी की घटना के विरोध में व्यपारियों ने दुकान बंद करके किया प्रदर्शन

अमित रेखा मुनीर आलम राजन

बृजमनगंज महराजगंज। नगर पंचायत बृजमनगंज मे हो रहे चोरी की घटना के विरोध में मंगलवार को नगर की सभी दुकाने बंद रही। सुबह से ही व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन जायसवाल(मंटू)



के नेतृत्व में सहयोगियों और व्यापारियों के साथ लोगों से दुकाने बंद करने की अपील किया जिससे लोगो ने अपना समर्थन दिया उनके साथ विनोद जायसवाल, दिलीप चौधरी,रोहन चौधरी, बबलू जायसवाल,गौरव जायसवाल, जगदम्बा जायसवाल, मुनीर आलम(राजन) शनि जायसवाल, सौरभ जायसवाल व तमाम व्यापारी बंधु रहे। इस दौरान व्यापारियों ने चोरी के विरोध में पुलिस के विरुद्ध नारे बाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर बाद सीओ फरेंदा अशोक कुमार मिश्र और बृजमनगंज थानाध्यक्ष बातचीत के लिए व्यापारियों के बीच पहुंचे और बोले की जो भी चोरीया हो रही है उस पर आप सभी लोगो की मांग जायज है और इस पर योजना के तहत कार्यवाही हो रही है जल्द से जल्द सभी चोरीयों का खुलासा होगा और चोरो पर शिंकजा कसा जायेगा ।और आप सभी लोगो से निवेदन है की प्रशासन का सहयोग करे। निर्णय हुआ की एक दो दिन मे प्रमुख व्यापारियों और पुलिस प्रशासन की बैठक होगी और चोरीयों से निपटने पे चर्चा होगी ।उसके बाद सभी दुकाने खुलवा दी गयी।

# हरदोई समाजसेवी विवेकानंद जयंती पर जिला अध्यक्ष ने समाजवादी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

अमित रेखा ताहिर हुसैन

ब्यूरो हरदोई। आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल ने हर दोई विधानसभा के ड़िधीया ग्राम में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित युवा घेरा कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार के अवसर लगातर घट रहे हैं देश 45 साल में सबसे बड़ी बेरोजगारी के दौर से गुजर रहा है केद्र व प्रदेश सरकार बेरोजगार व नौजवान विरोधी सरकार है उन्होंने कहा कि बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है सरकार की गलत नीतियों



की वजह से शिक्षा महंगी होती जा रही है उन्होंने कहा कि सरकार ने राजनीति की नर्सरी छात्र संघ चुनाव बंद करा कर लोकतंत्र व नौजवानों की आवाज दबाने का काम किया है उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में रोज 54 बहन बेटियों के साथ हत्या ब्लात्कार जैसी घटनाएं हो रही है प्रदेश सरकार मौन हैं प्रदेश में कानून का राज समाप्त हो गया है उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में माफियाओं का राज है पढ़े लिखे छात्र छात्राओं का हक छीना जा रहा है सरकार सरकारी नौकरी में भ्रष्टाचार कर रही है सरकार कोई भर्ती पुरी नहीं कर सकी जिसके चलते बेरोजगरों में रोस है छात्र नौजवान जब अपने हक की आवाज उठाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं तो सरकार व पुलिस उनके साथ गलत ब्यवहार कर रही है कार्यक्रम को कार्यक्रम के आयोजक प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा आदर्श दीपक मिश्रा, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह ने सम्बोधित किया इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला सचिव धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सचिव अनमोल गुप्ता मोनू , जिला सचिव सतेंद्र सिंह पानू, अल्पसंख्यक सभा अध्यक्ष सईद अहमद, अभयशंकर मिश्रा अजय पांडे, खलीकुज्जमा आदि लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में गणतंत्र दिवस को लेकर सोशल डिस्टेंसिंग से मनाए जाने की जिलाधिकारी ने की बैठक

अमित रेखा सुनील कुमार

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार व मुख्य विकास अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट प्रागंण से सेफ सोसाईटी एंव नाबार्ड के माध्यम से 24 अग्रणी किसानो की टोली को प्रशिक्षण हेतु हरी झण्डी



दिखाकर रवाना किया । किसानों की आय को दोगुनी एंव आत्म निर्भरता के लिए सेफ सोसाईटी एंव नाबार्ड के माध्यम से किसान स्वंय सहायता समूह व किसान क्लब गठित कर किसानों की टोली को काला नमक धान व जिंक गेहूँकी प्रजाति की प्रशिक्षण प्राप्ति के लिए पी0आर0डी0एफ0संस्थान गोरखपुर में काला नमक चावल व एस0एच0डी0ए0 संस्थान कुशीनगर में जिंक गेहूँ की प्रजाति को उत्पादित कर अच्छी उपज एव अधिक आय अर्जित हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो दिवसीय होगा । किसान के प्रशिक्षण सहयोग में नबार्ड से कैपसिटी बिल्डिंग फॉर एडॉप्सन टेक्नोलाजी ( कैट ) द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर एल0डी0एम0स्टेट बैक सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, नबार्ड प्रबन्धक रविशंकर,सेफ सोसाईटी निदेशक बैभव यादव, मगरू चौहान,बासदेव गौड उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय
सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव
प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०– 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक– निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।